# नेशनल प्रेस टाइम्स



नई दिल्ली, गुरुवार
17 अप्रैल 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 48 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## जस्टिस बीआर गवई होंगे अगले मुख्य न्यायाधीश



नई दिल्ली । जस्टिस गवई का कार्यकाल हालांकि छह महीने का ही होगा क्योंकि वे नवंबर 2025 में रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस गवई को 24 मई 2019 में सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त किया गया था।

भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के लिए न्यायमूर्ति भूषण आर गवई के नाम की सिफारिश की गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह सिफारिश विधि मंत्रालय को भेज दी है। प्रस्ताव वर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से भेजा गया है। वे 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। परंपरा के अनुसार, वर्तमान सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के रूप में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की सिफारिश करते हैं।

शेष पेज 2 पर

### पश्चिम बंगाल में जलाए जा रहे हिंदू व दलितों के घर..', योगी बोले-

# ममता दीदी को शांतिदूत दिखाई दे रहे दंगाई

आगरा । आगरा में भीमनगरी समारोह का उद्घाटन करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल में दंगों को लेकर भी तीखा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दंगाइयों का इंतजाम डंडे से ही हो सकता है।

पश्चिम बंगाल में ममता दीदी को दंगाई शांतिदूत दिखाई दे रहे हैं। इनका इंतजाम डंडे से ही हो सकता है। पश्चिम बंगाल में हो रहे दंगों में गरीब हिंदू व दलितों के घर जलाए जा रहे हैं। कांग्रेस, सपा व बाकी सब चुप हैं। ये बातें मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में कहीं। वह यहां आवास विकास कॉलोनी, सेक्टर-11 में आयोजित तीन दिवसीय भीम नगरी महोत्सव का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री योगी ने घोषणा की कि लखनऊ की तरह आगरा में भी डॉ. बीआर आंबेडकर शोध केंद्र बनेगा।



यहां बाबा साहब के जीवन व दर्शन के साथ विदेश, अर्थ व समाज नीति पर शोध होंगे। साथ ही कहा, इस शोध केंद्र के साथ एक छात्रावास भी बनाया जाएगा, जहां उच्च शिक्षा के छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। उन्होंने चक्कीपाट स्थित बुद्ध विहार को भी राजकीय भवन घोषित करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार ने जीरो पावर्टी योजना का नाम डॉ. आंबेडकर के नाम पर रखने का निर्णय लिया है। बाबा साहब चाहते थे कि गरीब, वंचित और दलितों को उनका हक मिले। सरकार उनके सपने को साकार कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा, जीरो पावर्टी मिशन का फायदा सबसे ज्यादा गरीबों को होगा। जिनके पास घर नहीं है, उन्हें घर मिलेगा। रोजगार व राशन मिलेगा। आयुष्मान कार्ड, पेंशन और जमीन के पट्टे मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015-16 में सपा सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति छात्रों की छात्रवृत्ति रोक दी थी। जैसे ही 2017 में प्रदेश में हमारी सरकार आई। हमने तत्काल छात्रवृत्ति को फिर चालू कराया।

इससे पहले केंद्रीय भीम नगरी आयोजन समिति के संरक्षक करतार सिंह भारतीय ने चक्कीपाट स्थित बुद्ध विहार को राजकीय स्मारक घोषित करने की मांग रखी। इसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया। 18 मार्च 1956 को बाबा साहब आखिरी बार आगरा आए थे।

शेष पेज 2 पर

## सीएम योगी से मिले भरतकुंड के महंत और पुजारी, बोले तीर्थस्थल भरतकुंड का भी हो जीर्णोद्धार



अयोध्या । सीएम योगी से मिलने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि भरतकुंड का भी अयोध्याधाम की तरह सुंदरीकरण और जीर्णोद्धार कराया जाए और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विकास किया जाए। भरतकुंड के महंत और पुजारी के साथ एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें नगर पंचायत भदरसा भरतकुंड की ओर से भरतकुंड मंदिर के पास टैक्सी स्टैंड बंद कराए जाने की मांग की गई। इस संबंध में सीएम योगी को ज्ञापन भी सौंपा गया।

प्रतिनिधिमंडल ने नगर पंचायत के अध्यक्ष और ईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध तीर्थ स्थल भरतकुंड का भी अयोध्या धाम की तरह सुंदरीकरण और जीर्णोद्धार कराया जाए। धार्मिक पर्यटन की जन सुविधाओं का विकास किया जाए।

शेष पेज 2 पर

## धर्म को कर्म नहीं बल्कि कर्म को धर्म मानकर काम करे यूपी सरकार, मायावती ने प्रदेश सरकार पर कसा तंज



लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी व उत्तराखंड के बसपा नेताओं को संबोधित किया और विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वोट के लिए डॉ. आंबेडकर की जयंती तो मनाई जा रही है पर उनके अनुयायियों को लगातार प्रताड़ित भी किया जा रहा है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी व उत्तराखंड सरकारों को धर्म को कर्म नहीं बल्कि कर्म को धर्म मानकर संवैधानिक दायित्व निभाना चाहिए जिसमें समाज के सभी वर्गों का हित निहित है ...

शेष पेज 2 पर

## कानून पर रोक नहीं, वक्फ बाय यूजर पर केंद्र से जवाब मांगा, हिंसा पर एससी ने कहा- इस पर फैसला लेंगे




नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट की तरफ से कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है। प्रतिवादियों के अनुरोध के बाद न्यायालय कल दोपहर 2 बजे सुनवाई करेगा।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की पीठ वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली है। सुनवाई के लिए एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद समेत कई याचिकाकर्ता सीजेआई के न्यायालय कक्ष में मौजूद रहे। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।

शेष पेज 2 पर

### केशव प्रसाद मौर्य का तंज

# गांधी परिवार के गुलाम की तरह काम कर रही कांग्रेस

लखनऊ। एक्स पर केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि लोकतंत्र में संविधान और कानून से बड़ा कोई नहीं। लेकिन विडंबना यह है कि परिवारवादी राजनीति की चाशनी में पले-बढ़े नेता खुद को देश और संविधान-कानून से अपने को बड़ा समझने का अहंकार पाल लेते हैं। आज की तारीख में गांधी परिवार इसकी जीती-जागती मिसाल है।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गांधी परिवार की आलोचना करते हुए कहा कि वंशवादी राजनीति करने वाले नेता खुद को देश और कानून से ऊपर समझते हैं। एएनआई से बात करते हुए मौर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गांधी परिवार की गुलाम की तरह काम कर रही है। देश के सभी 140 करोड़ लोगों के लिए संविधान एक समान है। नेशनल हेराल्ड मामले में बहुत बड़ा घोटाला हुआ, बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ, जिसकी जांच कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही शुरू हुई थी।



उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जांच एजेंसियों को अपना काम करने देना चाहिए।

वहीं, एक्स पर केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि लोकतंत्र में संविधान और कानून से बड़ा कोई नहीं। लेकिन विडंबना यह है कि परिवारवादी राजनीति की चाशनी में पले-बढ़े नेता खुद को देश और संविधान-कानून से अपने को बड़ा समझने का अहंकार पाल लेते हैं। आज की तारीख में गांधी परिवार इसकी जीती-जागती मिसाल है। इस मामले में उनका अहंकार शिखर पर है।

उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में गांधी परिवार के दो अहम सदस्य सोनिया गांधी और उनका बेटा राहुल गांधी जमानत पर है। यानी अदालत ने उनको जमानत दी है। अब अगर अदालत की कार्यवाही पर सवाल उठाया जाता है तो यह कानून के राज का सीधा अपमान है।

मौर्य ने कहा कि संविधान की लाल किताब जिसे राहुल गांधी अपने कपार में रखकर देश भर में घूमते हैं, उसी के मुताबिक उन पर कार्रवाई की जा रही है। जैसा कि संवैधानिक एजेंसी ईडी ने मां-बेटा दोनों को लेकर चार्जशीट फाइल की है, अगर दोनों इससे संतुष्ट नहीं है तो वह अदालत की चौखट पर जा सकते हैं। लेकिन जांच को बदले की राजनीति कहना सरासर संविधान और कानून का अपमान है।

शेष पेज 2 पर

## एसबीआई में बड़ा फ्रॉडः फर्जी दस्तावेज लगाकर एक करोड़ का लोन हड़पा, तीन बैंक अधिकारी भी शामिल




लखनऊ । स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में फर्जी दस्तावेज लगाकर एक करोड़ रुपये का लोन लेकर हड़पने का मामला सामने आया है। मामले में 11 खाताधारकों, तीन बैंक अधिकारियों और तीन बिचौलियों पर एफआईआर दर्ज की गई है।

हसनगंज की डालीगंज स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में फर्जी दस्तावेज लगाकर 11 लोगों पर 1 करोड़ 6 लाख 15 हजार एक्सप्रेस क्रेडिट लोन हासिल करने का आरोप लगा है। इस मामले में क्षेत्रीय प्रबंधक विपिन सिंह ने सभी 11 लोन धारकों, तीन बिचौलियों, तत्कालीन शाखा प्रबंधक, फील्ड ऑफिसर और मैनेजर बैंकिंग ऑपरेशन के खिलाफ हसनगंज थाने में सोमवार को केस दर्ज कराया है।

विपिन सिंह के अनुसार 15 जुलाई 2023 से 30 जनवरी 2024 के बीच 11 खातेदारों को एक्सप्रेस क्रेडिट लोन पास किया गया। इस अवधि के दौरान शाखा के कारोबार में आश्चर्यजनक वृद्धि मिली।

शेष पेज 2 पर

## पुलिस के पास गए युवक और महिला किए कई चौंकाने वाले खुलासे

अलीगढ़। अलीगढ़ जिले की महिला और उसका होने वाला दामाद अलीगढ़ पहुंच गए हैं। पुलिस उन दोनों की उत्तराखंड में तलाश करती रही, लेकिन वो हाथ नहीं आए। सास और दामाद बिहार होते हुए नेपाल पहुंच गए थे।

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले की महिला और उसके होने वाले दामाद की लव स्टोरी खासी चर्चा में है। होने वाले दामाद के साथ फरार होने वाली महिला की पुलिस ने कई राज्यों में तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। बुधवार दोपहर अचानक महिला और उसका होने वाला दामाद दादों थाने पहुंच गए। पुलिस को जानकारी दी।



दरअसल, मडराक थाना क्षेत्र के एक गांव से होने वाली सास को लेकर दामाद फरार हो गया। छह अप्रैल से फरार दामाद और सास दादों थाने में दोपहर करीब 2:00 बजे पहुंचे, अब दादों पुलिस मडराक थाना पुलिस से संपर्क जुटा कर दोनों को उन्हें सौंप देगी।

**दामाद और सास पहुंचे दादों थाने**-जानकारी के अनुसार, बीते छह अप्रैल को गांव मछरिया नगला निवासी राहुल थाना मडराक क्षेत्र के एक गांव निवासी अपनी होने वाली सास सपना को लेकर फरार हो गया था। आज करीब 2:00 बजे अपनी सास को लेकर थाना दादों पहुंचा। इस पर दादों पुलिस ने थाना मडराक पुलिस को सूचना दी।

शेष पेज 2 पर

### टैरिफ वॉर | अमेरिका ने चीन के 125% टैरिफ के जवाब में

# 245% टैरिफ लगाने का किया एलान

नई दिल्ली । अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर 245 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है। आइए इस ताजा अपडेट के बारे में विस्तार से जानते हैं।

व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक दस्तावेज में कहा गया है कि चीन को अब अमेरिका पर अपनी जवाबी कार्रवाइयों के कारण 245 प्रतिशत तक टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। यह जानकारी तब सामने आई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आयातित खनिजों और उससे बने उत्पादों पर अमेरिकी निर्भरता के कारण पैदा हुई जोखिमों की जांच के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए।

**ट्रंप की ओर से जवाबी टैरिफ के एलान के बाद शुरू हुआ टैरिफ वॉर**- दस्तावेज में ट्रम्प के उस दावे का हवाला दिया गया है कि विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक



निर्भरता" और उनके खराब उत्पाद अमेरिकी रक्षा क्षमताओं, बुनियादी ढांचे के विकास और तकनीकी नवाचार को खतरे में डाल सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि ट्रम्प ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया है और उन देशों पर पारस्परिक रूप से उच्च टैरिफ लगाए हैं जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा सबसे अधिक है।

**टैरिफ पर चीन की प्रतिक्रिया के जवाब में अमेरिका ने लिया सख्त फैसला**- व्हाइट हाउस ने कहा कि 75 से अधिक देश पहले ही नए व्यापार समझौतों पर चर्चा करने के लिए संपर्क कर चुके हैं। इसे देखते हुए चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगने वाला जवाबी टैरिफ फिलहाल टाल दिया गया है। अमेरिका के अनुसार चीन ने जवाबी कार्रवाई की है इसलिए चीन के उत्पादों पर अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जाएगा।

**चीन पर सख्ती का अमेरिका ने बताया यह कारण**- ट्रंप प्रशासन के दस्तावेज में यह भी उल्लेख किया गया है कि चीन ने कुछ महीने पहले अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी और अन्य प्रमुख उच्च-तकनीकी सामग्रियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनके सैन्य उपयोग की संभावना थी। इसी सप्ताह चीन छह भारी दुर्लभ रेयर अर्थ मेटल के साथ-साथ रेयर अर्थ चुंबकों के निर्यात को भी निलंबित कर दिया था।

शेष पेज 2 पर

# असम में सभी आधिकारिक कार्यों के लिए असमिया भाषा हुआ अनिवार्य

## बराक घाटी और बीटीआर में किया जाएगा बंगाली और बोडो भाषाओं का इस्तेमाल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

असम : असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की नेतृत्वकारी भाजपा गठबंधन सरकार ने अब असम में सभी सरकारी अधिसूचनाओं, आदेशों, नियमों और संचार के लिए असमिया भाषा को असमिया नववर्ष के पहले दिन यानी 1 बोहाग (15 अप्रैल, 2025) से अनिवार्य आधिकारिक भाषा घोषित कर दिया है। असम आधिकारिक भाषा अधिनियम 1960 के तहत राजनीतिक विभाग (बी) द्वारा जारी किए गए नए दिशानिर्देशों में कहा गया है कि कानूनों, नियमों, योजना के दिशानिर्देशों, स्थानांतरण आदेशों सहित सभी सरकारी संचार अंग्रेजी और असमिया दोनों में जारी किए जाने चाहिए। लेकिन क्षेत्रीय भाषाई संवेदनाओं का सम्मान करते हुए, असम सरकार ने बराक घाटी के जिलों में अंग्रेजी के साथ-साथ बंगाली का भी इस्तेमाल करने के लिए और बीटीआर क्षेत्र में अंग्रेजी के साथ-साथ बोडो के उपयोग का उल्लेख किया है। इसके अलावा, राज्य के विभागों द्वारा प्राप्त सभी



केंद्र सरकार की अधिसूचनाओं का प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर असमिया, बोडो या बंगाली में अनुवाद करना होगा। मौजूदा कानूनों और विनियमों की तरह, विरासत दस्तावेजों को भी विश्वविद्यालय के भाषा विभाग की मदद से अगले दो वर्षों में चरणबद्ध अनुवाद प्रक्रिया से गुजरना होगा। अंग्रेजी अंतर-राज्यीय और केंद्रीय संचार, अदालती कार्यवाही, कानूनी दस्तावेजों और आधिकारिक व्याख्या की भाषा बनी रहेगी। आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि किसी भी कानूनी अस्पष्टता या विवाद के मामले में अंग्रेजी संस्करण आधिकारिक रहेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले साल अक्टूबर में असमिया भाषा को भारत सरकार ने शास्त्रीय भाषा की स्थिति प्रदान किया था ।

# दिल्ली में 600 स्कूलों पर बड़ा एक्शन: 10 को कारण बताओ नोटिस, फीस बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन; हाईकोर्ट से फटकार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली। राजधानी में निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी को लेकर अभिभावकों का विरोध थम नहीं रहा है। बुधवार को 19 अलग-अलग स्कूलों के अभिभावकों ने शिक्षा निदेशालय के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। साथ ही प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष व्यक्त किया।

निजी स्कूलों की ओर से की जा रही फीस वृद्धि से बच्चों के अभिभावक काफी नाराज हैं। इस मामले पर आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा की प्रदेश सरकार को घेरा है। तो वहीं दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद ने साफ कहा है कि सरकार एक्शन ले रही है। 600 स्कूलों से ऑडिट की गई रिपोर्ट जुटाई है। जबकि हाईकोर्ट ने डीपीएस विवाद पर स्कूल को कड़ी फटकार लगाई है।

फीस विवाद पर दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि आज दिल्ली की शिक्षा में ऐतिहासिक दिन है। पहली बार डीएम की अध्यक्षता वाली समिति ने डीपीएस के खिलाफ कार्रवाई की है। जिसने दिल्ली सरकार के फैसले को अदालत में चुनौती दी थी। अदालत ने हमारे रुख को बरकरार रखा और डीएम को छात्रों के लिए उचित शिक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आगे कहा कि मनमानी फीस वृद्धि के खिलाफ 5 साल के विरोध के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार के प्रयासों से आखिरकार डीपीएस को जवाबदेह ठहराया गया है। अब हम समिति की रिपोर्ट के आधार पर सख्त कार्रवाई करेंगे। स्कूल प्रशासक चाहे कितने भी प्रभावशाली हों, यह सरकार जनहित के खिलाफ जाने वाली कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेगी।

**पूर्व सरकार पर निशाना साधा, पूछे सवाल**

दिल्ली के मंत्री ने आगे कहा कि मैं आतिशी और उनकी सरकार के पिछले सीएम से भी सवाल करना चाहता हूं कि इतने सालों तक स्कूलों के अनिवार्य ऑडिट की अनदेखी क्यों की गई? स्कूलों को बिना उचित जांच के मनमानी फीस बढ़ाने की अनुमति क्यों दी गई? पहले जहां सालाना सिर्फ 75 स्कूलों का ऑडिट होता था, वहीं हमारी सरकार ने सिर्फ 7 दिनों में 600 स्कूलों से ऑडिट की गई रिपोर्ट जुटाई है। हमने पहले ही 10 स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। और हम दिल्ली के सभी 1,670 स्कूलों का ऑडिट करने के लिए काम कर रहे हैं। हम पिछले लेन-देन की जांच करेंगे और सभी को जवाबदेह ठहराएंगे।

**स्कूल फीस बढ़ोतरी पर मनीष सिसोदिया की प्रतिक्रिया**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने भी सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बच्चों को पढ़ाना दुस्वप्न बन चुका है। फीस की लूट अपने चरम पर है और भाजपा सरकार शिक्षा माफिया की ढाल बनकर खड़ी है। पार्टी ने कहा कि मंगलवार को एक स्कूल की घटना इसका उदाहरण है, जहां बच्चियों को स्कूल में बंद कर रखा गया और बुधवार को उन्हें स्कूल में घुसने तक नहीं दिया गया। आप का कहना है कि स्कूल प्रशासन को न तो मुख्यमंत्री का डर है और न ही सरकार का। आप ने कहा कि यदि भाजपा सरकार निजी स्कूलों पर अंकुश नहीं लगाएगी, तो दिल्ली में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी।

आप के प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि फीस वृद्धि की समस्या को लेकर अभिभावकों को मजबूर होकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। उन्होंने अभिभावकों के प्रदर्शन की वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए सरकार पर कई सवाल भी उठाए। उन्होंने कहा कि आखिर भाजपा सरकार निजी स्कूलों की मनमानी पर एक्शन क्यों नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की अपनी विधानसभा में लोग प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी है।

**हाईकोर्ट से डीपीएस द्वारका को फटकार**

दिल्ली हाईकोर्ट ने फीस ना चुका पाने पर छात्रों के साथ अमानवीय व्यवहार पर डीपीएस द्वारका को फटकार लगाई। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि स्कूल ने छात्रों को सामान की तरह माना और उन्हें लाइब्रेरी में बंद कर कक्षाओं में भाग लेने से रोका, जो अक्षम्य है। कोर्ट ने स्कूल को पैसे कमाने की मशीन करार देते हुए कहा कि ऐसी संस्था को बंद कर देना चाहिए। अदालत में बुधवार को कई छात्र अपनी स्कूल यूनिफॉर्म में किताबें और बैग लिए माता-पिता के साथ मौजूद थे। न्यायमूर्ति ने कहा, मुझे इस बात की चिंता है कि स्कूल ने छात्रों के साथ शर्मनाक और अमानवीय व्यवहार किया। फीस न चुका पाने की स्थिति स्कूल को छात्रों के साथ ऐसी अपमानजनक हरकत करने का लाइसेंस नहीं देती।

**छात्रों को कक्षाओं से बाहर न निकाले प्रबंधन**

अदालत ने बुधवार को ने दक्षिण-पश्चिम जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता वाली आठ सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट का अवलोकन किया। रिपोर्ट में फीस वृद्धि विवाद के बीच स्कूल द्वारा छात्रों के खिलाफ कई भेदभावपूर्ण व्यवहारों को उजागर किया गया। अभिभावकों ने दावा किया कि स्कूल प्रबंधन ने अनाधिकृत फीस न चुकाने पर उनके बच्चों को परेशान किया गया। अदालत ने स्कूल को निर्देश दिया कि वह छात्रों को लाइब्रेरी में बंद न करे, उन्हें कक्षाओं में भाग लेने दे, अन्य छात्रों से अलग न करे, उनके दोस्तों के साथ बातचीत करने से न रोके और स्कूल की सुविधाओं का उपयोग करने से न रोके। अदालत सभी प्रभावित छात्रों को पुनः प्रवेश दे, उनका सेक्शन निर्धारित करे और उन्हें कक्षाओं के वाट्सएप ग्रुप से भी दोबारा जोड़ा जाए।

# पेज एक का शेष...

## ममता दीदी को शांतिदूत दिखाई दे रहे दंगाई

अनुसूचित जाति फेडरेशन का रामलीला मैदान में अधिवेशन हुआ था। इस अधिवेशन के बाद डॉ. आंबेडकर ने चक्कीपाट में भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की थी। इसे ही बुद्ध विहार कहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1956 से लगातार निकल रही शोभायात्रा और 1996 से आयोजित हो रही भीम नगरी से लोग बाबा साहब के सपनों को जीवंत किए हुए हैं।

योगी बोले- कांग्रेस ने नहीं बनने दिया बाबा साहब का स्मारक- करीब 35 मिनट के भाषण में कांग्रेस मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रही। उन्होंने कहा वो कौन लोग हैं, जिन्होंने बाबा साहब को चुनाव हराने का काम किया। कौन लोग हैं जिन्होंने उन्हें विदेशी समिति में नहीं लिया। कौन लोग हैं जिन्होंने दिल्ली में स्मारक नहीं बनने दिया। ये वही लोग हैं जो संसद में संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं जबकि उन्होंने ही संविधान की प्रस्तावना को बदलकर उसकी आत्मा को मार डाला था। किसी भी संविधान की प्रस्तावना, उसकी आत्मा होती है। भाजपा सरकार में बाबा साहब को भारत रत्न दिया गया।

आंबेडकर ने दिया था एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश- मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसने देश को पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक एकता के सूत्र में बांधा। बाबा साहब ने ही एक भारत, श्रेष्ठ भारत का आधार रखा। योगी ने कहा जब नया संसद भवन बना था, तो उसमें संविधान की मूल प्रति पीएम मोदी ने स्थापित की। उन्होंने पंचतीर्थ योजना शुरू की। नागपुर में दीक्षा भूमि स्मारक बना। इंग्लैंड में जहां बाबा साहब पढ़े थे, वहां छात्रावास बनवाया।

## सीएम योगी से मिले भरतकुंड के महंत और पुजारी, बोले तीर्थस्थल भरतकुंड का भी हो जीर्णोद्धार

यहां पर नियमित साफ सफाई की व्यवस्था की जाए।

अगले सप्ताह भरतकुंड के संत और पुजारी का दूसरा प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलने जाएगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद महंत अरविंद दास और पुजारी हनुमान दास ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है और कहा है कि वह जल्द ही भरतकुंड आएंगे।

## धर्म को कर्म नहीं बल्कि कर्म को धर्म मानकर काम करे यूपी सरकार, मायावती ने प्रदेश सरकार पर कसा तंज

लेकिन योगी सरकार भी पूर्ववर्ती सपा की सरकार की तरह ही कुछ क्षेत्र और कुछ लोगों के लिए समर्पित नजर आ रही है। मायावती बुधवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में यूपी व उत्तराखंड के नेताओं को संबोधित कर रही थीं।

इस मौके पर उन्होंने सपा, कांग्रेस और भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि राजनीतिक दलों में डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाने की होड़ लगी रही लेकिन उनके अनुयायियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उनकी हत्या की जा रही है और आंबेडकर की प्रतिमाओं को तोड़ा जा रहा है। मायावती ने यूपी व उत्तराखंड स्टेट के पार्टी संगठन की समीक्षा की और दो मार्च की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट भी ली।

भारत को अपने आत्मसम्मान के साथ समझौता नहीं करना चाहिए मायावती ने भारत सहित दुनिया के अलग-अलग देशों पर लगाए गए "ट्रंप टैरिफ" के कारण आ रही चुनौतियों पर कहा कि ऐसे समय में केंद्र व राज्य की सरकारों को संकीर्ण राजनीतिक हितों को किनारे रखकर देश हित में काम करना चाहिए और देश के आत्मसम्मान के साथ समझौता नहीं करना चाहिए।

## 245% टैरिफ लगाने का किया एलान

व्हाइट हाउस ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाई दुनिया भर में ऑटोमेकर्स, एयरोस्पेस निमार्ताओं, सेमीकंडक्टर कंपनियों और सैन्य ठेकेदारों के लिए महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति रोकने के लिए की गई।

अमेरिका के 245% टैरिफ पर चीन ने दी यह प्रतिक्रिया- चीन ने अमेरिका की आरे से लगाए गए 245% टैरिफ पर पर प्रतिक्रिया देते हुए कि कहा कि ट्रंप प्रशासन टैरिफ के आंकड़ों का स्पष्ट ब्यौरा दे। चीन के आयात पर अमेरिका ने 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का एलान किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अमेरिकी पक्ष को "विशिष्ट कर दर के आंकड़े" के बारे में बताना चाहिए। बुधवार को एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, लिन ने कहा कि चीन ने टैरिफ मुद्दे पर अपनी स्थिति को बार-बार साफ किया है। उन्होंने कहा कि टैरिफ युद्ध अमेरिका की ओर से शुरू किया गया था और बीजिंग ने अपने वैध अधिकारों और हितों और अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाए हैं। ये कदम पूरी तरह से "उचित और कानूनी" हैं। उन्होंने कहा कि टैरिफ और व्यापार युद्धों में कोई विजेता नहीं होता है। उन्होंने कहा कि चीन इन युद्धों को लड़ना नहीं चाहता है, लेकिन इनसे डरता भी नहीं है। उन्होंने हाथ मिलाने और बाधाओं को दूर करने के लिए चीन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

अमेरिका-चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर में अब तक क्या-क्या हुआ?

अमेरिका की ओर से 02 अप्रैल 2025 को अपने व्यापारिक साझेदारों पर जवाबी टैरिफ लगाने के एलान के बाद चीन के साथ उसका व्यापार युद्ध एक नए मुकाम पर पहुंच गया। दोनों देश एक-दूसरे पर हर दिन एक नए भारी भरकम टैरिफ का एलान कर रहे हैं। इससे पहले, ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामानों को टैरिफ से छूट दी थी। उस दौरान, चीन ने अमेरिका से सभी इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर जवाबी टैरिफ को पूरी तरह से खत्म करने की अपील की थी। चीन ने अमेरिका से आयात पर 125 प्रतिशत टैरिफ का एलान कर रखा है। अब अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर पहले घोषित 145% की जगह 245% टैरिफ लगाने का एलान किया है।

पूर्व में, चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारी अमेरिका से अपील है कि वह अपनी गलतियों को सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाए। जवाबी टैरिफ को जैसी गलत नीति को रद्द करे और आपसी सम्मान के सही रास्ते पर लौट आए। अमेरिका का इलेक्ट्रॉनिक सामान पर टैरिफ खत्म करना एक छोटा कदम है। हम इसके प्रभाव की जांच कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ खास इलेक्ट्रॉनिक सामानों को जवाबी टैरिफ से छूट देने का एलान किया था। इसमें स्मार्टफोन, लैपटॉप और कुछ अन्य तकनीकी उपकरण भी शामिल किए गए हैं। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि इन उत्पादों की ज्यादा मांग अमेरिका में होती है, लेकिन इनका उत्पादन अधिकतर चीन, कोरिया और वियतनाम जैसे देशों में होता है।

चीन ने विश्व व्यापार संगठन में भी अमेरिका के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन यह बातचीत बराबरी और आपसी सम्मान पर आधारित होनी चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा, अगर अमेरिका और टैरिफ बढ़ाता है, तो चीन अब उसे नजरअंदाज करेगा।

## जस्टिस बीआर गवई होंगे अगले मुख्य न्यायाधीश

जस्टिस गवई वरिष्ठता के क्रम में सबसे आगे हैं, जिसके चलते उनके नाम की सिफारिश की गई है। गौरतलब है कि इससे पहले कानून मंत्रालय ने सीजेआई जस्टिस खन्ना से उनके उत्तराधिकारी का नाम देने की आधिकारिक अपील की थी। जस्टिस गवई के नाम पर अगर मुहर लगती है तो वे देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे 14 मई को सीजेआई पद की शपथ ले सकते हैं। जस्टिस गवई का कार्यकाल हालांकि छह महीने का ही होगा क्योंकि वे नवंबर 2025 में रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस गवई को 24 मई 2019 में सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त किया गया था।

पिता रहे हैं बिहार और केरल के पूर्व राज्यपाल- जस्टिस गवई का जन्म 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था। जस्टिस गवई के पिता दिवंगत आरएस गवई भी एक मशहूर सामाजिक कार्यकर्ता और बिहार और केरल के पूर्व राज्यपाल रहे। जस्टिस गवई ने अपने वकालत करियर की शुरूआत साल 2003 में बॉम्बे उच्च न्यायालय में बतौर एडिशनल जज की थी। इसके बाद साल 2005 में वे स्थायी जज नियुक्त हुए। जस्टिस गवई ने 15 वर्षों तक मुंबई, नागपुर, औरंगाबाद और पणजी की पीठ में अपनी सेवाएं दीं।जस्टिस गवई के नाम पर अगर मुहर लगती है तो वे देश के दूसरे अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले मुख्य न्यायाधीश होंगे। उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन साल 2010 में यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। जस्टिस बीआर गवई साल 2016 में नोटबंदी को लेकर दिए गए फैसले का हिस्सा रहे। जिसमें कहा गया था कि सरकार को करेंसी को अवैध घोषित करने का अधिकार है। इसके अलावा जस्टिस गवई बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ दिए आदेश का भी हिस्सा रहे और इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर फैसला देने वाली पीठ का भी हिस्सा रहे।

## गांधी परिवार के गुलाम की तरह काम कर रही कांग्रेस

समस्या यह भी है कि ऐसे मामले में सभी परिवारवादी पार्टियों का सुर एक हो जाता है जो लोकतंत्र का अपमान है।

भाजपा नेता ने दावा किया कि यह जगजाहिर है कि गांधी परिवार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा है। बाकी परिवारवादी राजनीति करने वाले भी उससे अछूते नहीं रहे हैं। लेकिन यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार का मतलब ही है कानून का राज जिसमें किसी भी भ्रष्टाचारी को बख़्शा नहीं जाता है। इससे पहले आज कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन ईडी द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने के बाद किया गया। दिल्ली में कांग्रेस के कुछ नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया, क्योंकि उन्होंने कांग्रेस कार्यालय के पास सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश की थी।

## कानून पर रोक नहीं, वक्फ बाय यूजर पर केंद्र से जवाब मांगा, हिंसा पर एससी ने कहा- इस पर फैसला लेंगे

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट की तरफ से कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है। प्रतिवादियों के अनुरोध के बाद न्यायालय कल दोपहर 2 बजे सुनवाई करेगा।

हाल ही में केंद्र सरकार ने वक्फ कानून में संशोधन किया था, जिसे लागू किया जा चुका है। इसे लेकर कुछ जगहों पर विरोध-प्रदर्शन भी हुए हैं, और कई स्थानों पर हिंसक घटनाएं भी सामने आई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ अधिनियम पारित होने के बाद हुई हिंसा पर संज्ञान लिया। सीजेआई ने कहा कि एक बात बहुत परेशान करने वाली है, हिंसा। यह मुद्दा कोर्ट के सामने है और हम इस पर फैसला लेंगे।

वक्फ संपत्तियों से जुड़े एक अहम मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से वक्फ बाय यूजर की संपत्तियों को लेकर तीखे सवाल किए। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र से पूछा कि वक्फ बाय यूजर का पंजीकरण कैसे किया जाएगा, क्योंकि दस्तावेजों का अभाव हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वक्फ बाय यूजर को रद्द करने" से समस्या पैदा होगी, इसका कुछ दुरुपयोग भी हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 100 साल पहले का इतिहास फिर से नहीं लिखा जा सकता। सीजेआई संजीव खन्ना ने तुषार मेहता से कहा जहां पब्लिक ट्रस्ट को वक्फ घोषित किया गया है, मान लीजिए 100 या 200 साल पहले, आप पलटकर कहते हैं कि इसे वक्फ बोर्ड ने ले लिया है।

## पुलिस के पास गए युवक और महिला किए कई चौंकाने वाले खुलासे

पूछताछ में महिला सपना ने बताया आए दिन पति शराब पीकर मारपीट करता था। उसने पति को लेकर कई चौंकाने वाली बातें बताईं साथ ही कहा कि वह अब अपना जीवन राहुल के साथ ही बिताना है। महिला ने बताया कि बेटी की शादी राहुल के साथ तय होने के बाद जब कभी-कभी राहुल का फोन आता था तो वह राहुल से बात करती थी, इसी बात पर बेटी भी तरह-तरह के आरोप लगाती थी इसके बाद पति भी गाली गलौज करते हुए राहुल के साथ भाग जाने की धमकी देता था।

साथ ही सपना ने कहा कि वह मडराक थाने में नहीं जाएगी। दादों थाने की पुलिस से मदद चाहिए। वहीं, प्रेमी राहुल ने बताया अप्रैल में सपना अलीगढ़ से चलकर कासगंज पहुंची थी। जिसके बाद हम लोग बस में सवार होकर बरेली पहुंचे इसके बाद बिहार राज्य के जिला मुजफ्फरपुर पहुंचे। दो दिन पहले वहां मोबाइल खोल कर देखा तो सोशल मीडिया पर हम लोगों के चर्चा हो रहे थे। इसी को देखते हुए हम लोग बस में सवार होकर मुजफ्फरपुर से दिल्ली पहुंच गए। यहां से बस में बैठकर आए और राया कट पर उतरकर वहां से एक किराए पर गाड़ी करके थाने पहुंच गए।

उन्होंने यह भी बताया कि सास और होने वाला दामाद बिहार होते हुए नेपाल पहुंच गए थे, पुलिस उन्हें उत्तराखंड में तलाश करती रही। सपना की बेटी से राहुल की 16 अप्रैल यानि आज होनी थी। लेकिन महिला शादी से पहले ही दामाद के साथ घर से नकदी, जेवरात आदि लेकर गायब हो गई।

सीओ इगलास महेश कुमार ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया है कि सपना को दामाद ने मोबाइल फोन दिया था, जिसके जरिए दोनों पिछले तीन माह से घंटों घंटों बातचीत करते थे। इसके बाद सपना बहाने से घर से निकल गई। उन्होंने बताया कि युवक राहुल के पिता, बहनोई से पूछताछ के बाद उसके कुछ दोस्तों के नाम सामने आए थे। जिनसे पूछताछ के बाद पता चला कि उन्होंने सपना व राहुल को कासगंज रेलवे स्टेशन तक छोड़ा था। इसकी पुष्टि वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में हुई है। जहां राहुल एक ट्रेन में सवार होते दिखा है, लेकिन सास सपना उसके साथ नहीं दिखी थी।

## एसबीआई में बड़ा फ्रॉड: फर्जी दस्तावेज लगाकर एक करोड़ का लोन हड़पा, तीन बैंक अधिकारी भी शामिल

शक होने पर जांच की गई तो पता चला कि नियम को दरकिनार करते हुए फर्जी दस्तावेज के सहारे उक्त 11 खाताधारकों को 1 करोड़ 6 लाख 15 हजार का लोन पास किया गया था।

जांच में सामने आया कि लोन हासिल करने के लिए वेतन पर्ची, फर्जी केवाईसी, फर्जी जन्मतिथि का प्रमाण पत्र लगाया गया था। इस फर्जीवाड़े में बैंक के कुछ कर्मचारी और कुछ बिचौलिए भी शामिल रहे। जांच पूरी हो जाने के बाद क्षेत्रीय प्रबंधक विपिन सिंह ने पुलिस आयुक्त से शिकायत की थी।

ये हैं आरोपी लोन धारक

1- गब्बर, 2- श्रीमती कुसुमा, 3- गोपाल सिंह, 4- विनय कुमार, 5- सुमित कुमार, 6- धर्मपाल, 7- विजय कुमार, 8- अकील, 9- राम गोपाल, 10- उदयवीर सिंह और 11- अब्दुल हाफिज।

इन बिचौलियों पर हुआ केस

सर्वेश कुमार, सुमित कुमार और अंबेडकरनगर निवासी डाली सिंह।

इन बैंक अफसरों के नाम आए सामने- एफआईआर में तत्कालीन शाखा प्रबंधक संजीव त्रिपाठी, फील्ड ऑफिसर अमृता चटर्जी और मैनेजर बैंकिंग ऑपरेशन अमित जैन नामजद हैं। आरोप है कि तीनों ने ऋण दस्तावेजों का मूल्यांकन करने और बैंक के दिशा निर्देशों की देखरेख में लापरवाही की है। मैनेजर बैंकिंग ऑपरेशन अमित जैन ने बैंक से संबंधित आईडी व पासवर्ड को बिचौलियों के साथ साझाकर बैंक की गोपनीयता भंग की।

# राजपूत विकास समिति के सुनील चौहान अध्यक्ष व मनोज आर्य महामंत्री बने

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। कस्बा अग्रवाल मंडी टटीरी में स्थित गंगा रिसोर्ट में बुधवार को सरजीत सिंह की अध्यक्षता में राजपूत विकास समिति की बैठक हुई।

बैठक का संचालन ठाकुर अजयवीर सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में सुनील चौहान को सर्वसम्मति से राजपूत विकास समिति का अध्यक्ष नियुक्त होने पर निवर्तमान अध्यक्ष राजेश चौहान टटीरी ने मालाएं पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी।उन्होंने कहा कि जो कार्य उनके कार्यकाल में पूरे नहीं हुए सुनील चौहान उन्हें सम्पन्न कराते हुए समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। बैठक में अध्यक्ष सुनील चौहान ने उन्हें निर्विरोध चुने जाने पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सभी गणमान्यों व युवाओं को साथ लेकर समाज हित में कार्य करेंगें तथा सभी को एक साथ लेकर चलने व राजपूत समाज के उत्थान हेतू हर संभव प्रयास करेंगे। बैठक के उपरांत समिति के अध्यक्ष सुनील चौहान का गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में कृष्णपाल चेयरमैन व प्रधानाचार्य अमित चौहान के निर्देशन में मालाएं पहनाकर व बुग्गे देकर स्वागत किया गया।



इस मौके पर मनोज प्रधान, विजयपाल पूर्व चेयरमैन, गजराज, उदयवीर, सुदेश चौहान, जितेंद्र चौहान, अशोक चौहान, इंद्रपाल प्रधान, आनंद, अजय चौहान, सतपाल प्रधान, सतवीर, विजयपाल सिंह तेडा, श्रीकांत पोईस, टटीरी से मनोज आर्य, प्रहलाद सभासद, नीरज राजपूत, सचिन राजपूत, नीरज चौधरी आदि मौजूद रहे।

# हर्षोंउल्लास के साथ मनाई गई बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कानपुर। भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जंयती केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया कल्याणपुर जीटी रोड स्थित रविदास मंदिर उद्यान देवी सहाय नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी का 134 वी जंयती केक काटकर बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जिसमें तमाम वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए साथ ही जन्म उत्सव के मौके पर शरबत वितरण एवं मिष्ठान वितरण का आयोजन किया गया। सैकड़ो की संख्या में लोगों ने ठंडा शरबत ग्रहण किया बाबा साहेब जी की जंयती की एक दुसरे को शुभकामनाएं दी इस मौके पर अध्यक्ष रमेश चंद्र गौतम,पूर्व अध्यक्ष शंभू नाथ कुरील,महामंत्री विनोद कुमार कुरील संरक्षक सी ए ल जिज्ञासु,राजकुमार गौतम शंभू नाथ कुरील,उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार शिवकुमार,अनुज चक्रवर्ती,आरडी कुरील, कोषाध्यक्ष अजीत सिंह,आदेश सिंह,प्रताप सिंह,पूर्व कोषाध्यक्ष सदस्य गण राम बापू,सुरेंद्र, गौतम,सुरेश कुमार,शैलेश आनंद,दिनेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# द स्पोर्ट्स हब में कराटे चैंपियनशिप का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

कानपुर। द स्पोर्ट्स हब में 19 और 20 अप्रैल को इंटरनेशनल कराटे कप का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन से मान्यता प्राप्त है,तथा उत्तर प्रदेश कराटे एसोसिएशन (के ए यू पी) के सहयोग से आयोजित की जा रही है। यह जानकारी आयोजकों ने पत्रकार वार्ता में दी। प्रतियोगिता के संरक्षक संजीव पाठक बॉबी और एसोसिएशन के सचिव विजय कुमार ने बताया कि इस आयोजन में भारत,श्रीलंका और नेपाल से 450 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस आयोजन में संगठन के प्रमुख सदस्य ऋषिकेश कुमार, अध्यक्ष,विजय कुमार, महासचिव,सुनील कुमार, निदेशक,विनोद कुमार,संयुक्त सचिव,राजेश विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष और हेमलता, कोषाध्यक्ष की सक्रिय भागीदारी रहेगी। ऑब्जर्वर इस प्रतियोगिता में रजनीश चौधरी (डब्लू के एफ/ ए के एफ रेफरी),दिल्ली से विशेष रूप से राष्ट्रीय निरीक्षक के रूप में आमंत्रित किए गए हैं। वे प्रतियोगिता की निष्पक्षता और गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे।प्रतियोगिता का संचालन डब्ल्यू. के. एफ. रेफरी और एशियाई रेफरी के द्वारा किया जाएगा। विजेताओं को ?21,000 द्वितीय पुरस्कार विजेता को ?7000 एवं तृतीय पुरस्कार विजेता को ?3500 नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। 4 फीट ऊंची ट्रॉफी और उत्कृष्ट गुणवत्ता के मेडल दिए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय भागीदारीः भारत, श्रीलंका और नेपाल से कुल 450 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस आयोजन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया गया है. ताकि प्रतियोगिता को डिजिटल और स्मार्ट तरीके से संचालित किया जा सके। खिलाड़ियों के स्कोर को डिजिटल तरीके से रिकॉर्ड और प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे परिणाम तेजी से और सटीकता से साझा किए जाएंगे। प्रतियोगिता के दौरान हर खिलाड़ी और आयोजनों की तस्वीरों को एक ए आई-पावर्ड फोटो गैलरी में संग्रहीत किया जाएगा, जिससे डिजिटल गैलरी तैयार की जाएगी। खिलाड़ियों का पंजीकरण 17 अप्रैल 2025 से शुरू होगा। पंजीकरण हीरा स्वीट्स, आवास विकास-1, कानपुर में 2:00 ढट से लेकर 8:00 ढट तक किया जाएगा। 18 अप्रैल 2025 को भारत से आने वाले सभी खिलाड़ियों का पंजीकरण सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होगा। प्रतियोगिता के दौरान, खिलाड़ियों, कोचों, रेफ्रियों और अन्य कर्मियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अवार्ड दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कानपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कराटे प्रतियोगिता माहौल का निर्माण करना है, ताकि यहां के खिलाड़ी विश्व स्तरीय रेफरी और जजों के संरक्षण में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। इस प्रतियोगिता से कानपुर को एक वैश्विक स्पोर्टस हब बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। आयोजकों में रशिम गौतम,विषि विजय कुमार, आर्यन राज,मानसी मौर्य, आशना यादव,आधिविका द्विवेदी,अमिता तिवारी,आयुषी सिंह,रिनी सिंह,नैतिक,राजवीर, आसना यादव,पवन,सुजल कुमार, नंदनी, पावनी, अगेय, आयुष, वैभवी और अन्य सदस्य इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समर्पित हैं।

# एक शाम गौ माता के नाम आज

सीकर,आभावास। एक शाम गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन हनुमान मित्र मंडल गौशाला प्रांगण में 17 अप्रैल रात्रि 8:00 बजे से किया जाएगा। गौशाला के कोषाध्यक्ष राम प्रसाद गर्ग ने बताया कि सामूहिक हनुमान चालीस पाठ, विशाल भजन संध्या की संपूर्णतैयारी कर ली गई है जिसमें गौ रत्न राष्ट्रवादी गायक कलाकार डॉओममुंडेल डिगरना पार्टी के द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी।



# खालसा पंथ स्थापना दिवस व वैशाखी पर्व पर कुश्ती का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

मोदीनगर। महाराजा सूरजमल अखाडा गांव रोरी मे खालसा पंथ के स्थापना दिवस व फसलों के पकने पर मनाये जाने वाले वैशाखी पर्व पर कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया।



दंगल मे मुख्य अतिथि तहसीलदार रजत सिंह रहे। तहसीलदार रजत सिंह का ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया व श्योराण खाप का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कुश्ती दंगल मे लगभग 30 कुश्ती प्रतियोगिता हुई। सभी पहलवानों ने अपने दांव पेंच लगायें व बेहतरीन प्रदर्शन किया। कुश्ती देखने वालों ने पहलवानो के करतब देख उनकी प्रशंसा की। जीतने वाले पहलवानों को तहसीलदार रजत सिंह ने मैडल व नगद राशि भेंटकर प्रोत्साहित किया। तहसीलदार रजत सिंह ने कहा कुश्ती भारत का बहुत प्राचीन खेल है इसे आगे बढ़ाने मे सभी को योगदान देना चाहिए। आज ओलंपिक खेलों मे पदक जीतकर पहलवान अपने देश व प्रदेश का नाम करते है। उन्होंने पहलवानों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी अखाड़े के संचालक बाबा परमेन्द्र आर्य ने कहा गुरु गोविंद सिंह जी ने वैशाखी के पर्व पर 1699 ई. मे अन्याय व अत्याचार से लड? के लिए खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस अवसर पर प्रतिवर्ष दंगल आयोजन किया जाता है। ताकि युवा नशे से दूर रहे व अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

दंगल को सफल बनाने मे कर्नल सुधीर चौधरी, पवन कोट सहाब बखरवा, दादा राम नारायण, ताऊ राजेन्द्र, अभीषेक पहलवन खंजरपुर, दीपक पहलवन अमराला, निजाम पहलवन मेरठ, सलेख यादव बहलोलपुर, राजीव पहलवान लोनी, मनोज कुमार, चौधरी गंगाराम ,सुमन चौधरी, दुष्यंत चौधरी, सतेन्द्र तोमर रालोद, ओमपाल सिंह जाट समाज अध्यक्ष, यशवीर फौजी गेझा सतीश चौधरी भोजपुर आदि मौजूद रहे।

# अमिता वशिष्ठ कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनी

बागपत। कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी का गठन कर दिया है।



इसमें उन्होंने बागपत की रहने वाली अमिता वशिष्ठ की संगठन के प्रति निष्ठा व कार्यो को देखते हुए उन्हें कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया है। कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वासिल ने कहा कि अमिता वशिष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनने से उनका संगठन और भी अधिक मजबूत होगा और संगठन में नई जान आएगी। अमिता वशिष्ठ ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो कार्य व जिम्मेदारी सौपी है, उसका वह भली-भांति पालन करेगी और संगठन की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और भी अधिक मजबूत बनाया जाएगा। अमिता वशिष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनने पर लोगों ने खुशी जाहिर की और उन्हें अपनी ओर से बधाई दी है।

# गाजियाबाद में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल ,पुलिस कमिश्नर सहित तीन अफसरों के तबादले

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

गाज़ियाबाद। ज़िले में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव किया है तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल करते हुए नई तैनाती दी गई सबसे बड़ा बदलाव पुलिस महकमें में देखने को मिला गाज़ियाबाद के पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा का तबादला कर दिया गया है उनकी जगह अब आगरा के पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ गाज़ियाबाद की कमान संभालेंगे। दूसरे बदलाव में पीसीएस अधिकारी निखिल चक्रवर्ती को एसडीएम मोदीनगर के पद पर नियुक्त किया गया है



इसके अलावा लोनी में भी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट न्यायिक पद पर आईएएस अधिकारी पूजा गुप्ता की नियुक्ति की गई है इसी के साथ पीसीएस अधिकारी अजीत सिंह को अपर नगर मजिस्ट्रेट की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है ज़िले में हुवे इन बड़े बदलाव से माना जा रहा है कि ज़िले की शासन व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सकेगा

# राजबाहे की पटरी टूट जाने से, किसानों की फसल जल मग्न



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

मोदीनगर` उजैडा माइनर राजबाहे की पटरी टूट जाने से तीन गांव पतला,निवाड़ी कुशैडी के किसानों की फसल जल मग्न होने के कारण गेहूं की फसल, बबार्दी के कगार पर पहुंच गई है निवाड़ी के किसान सुबोद त्यागी द्वारा बुलाई गई पंचायत में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी ने बताया कि किसानों की कई सो बीगे फसल नष्ट होने के कगार पर है किसानों में बड़ा रोश है अगर शनिवार तक किसानो की फसलों का सर्वे नहीं किया गया व उनको मुआवजे की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो शनिवार को मोदीनगर तहसील पर धरना प्रदर्शन करेगे` धरना प्रदर्शन युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीत त्यागी वह जिला अध्यक्ष अरुण कसाना की अध्यक्षता में होगा पंचायत की अध्यक्षता सत्येंद्र त्यागी ने की संचालन नरेंद्र त्यागी नगर अध्यक्ष बीकेयू ने किया पंचायत में सभासद राजकुमार त्यागी,सभासद मांगू केवट, मीनू ठेकेदार,मूलराज त्यागी,सचिन त्यागी,गोलू त्यागी,सुबोध त्यागी, जय भगवान फौजी,मदनलाल फौजी, बिट्टू त्यागी,अंकित त्यागी, शुभम, रमेश त्यागी,आदि लोग मौजूद रहे

# अंबेडकर जयंती समारोह में लड़कियों का डांस, अमरोहा में श्रद्धांजलि सभा के दौरान स्टेज पर लगे ठुमके, कार्रवाई की मांग

अमरोहा-अमरोहा जिले के मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम विवाद का केंद्र बन गया है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान मंच पर बार डांसरों द्वारा फिल्मी गानों पर किए गए नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। आयोजकों द्वारा श्रद्धांजलि सभा में इस प्रकार का कार्यक्रम करवाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। समाज के विभिन्न वर्गों से इस घटना की कड़ी निंदा की जा रही है




लोग सवाल उठा रहे हैं कि अंबेडकर जयंती जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर इस तरह का कार्यक्रम क्यों आयोजित किया गया। वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हालांकि, स्थानीय प्रशासन की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है

# पोड़ैयाहाट में संविधान बचाओ राष्ट्रीय अभियान का हुआ आयोजन

पोड़ैयाहाट : प्रखंड परिसर में जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से संविधान बचाओ राष्ट्रीय अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवसर पर प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार के समीप बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। जिसका निर्माण पोड़ैयाहाट के कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की विधायक निधि से किया गया है। कार्यक्रम में रांची के कांके विधानसभा से कांग्रेस विधायक सुरेश चंद बैठा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जबकि कांग्रेस के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अवसर पर कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा चोर दरवाजे से संविधान को खत्म कर मनुस्मृति लागू करने की साजिश रच रही है। उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा नेताओं ने ₹अबकी बार 400 पार₹ का नारा देकर संविधान बदलने की बात कही थी। लेकिन, राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरू हुए संविधान बचाओ अभियान ने देश की जनता को जागृत किया, जिसके परिणामस्वरूप भाजपा 400 के बजाय 250 सीटों पर सिमट गई और आज बैसाखी के सहारे सरकार चला रही है। यादव ने यह भी बताया कि भाजपा ने एस सी/एस टी एक्ट को कमजोर करने की कोशिश की थी, लेकिन जनता के सड़कों पर उतरने से उनकी यह साजिश नाकाम रही। दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, दुमका जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश राम चंदवंशी, डॉ. अजित कुमार महात्मा, प्रकाश दास, दरौती हांसदा सहित कई वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों, उनके संघर्ष और संविधान पर मंडरा रहे खतरे पर अपने अपने विचारों को रखा।



# विश्व में सबसे प्राचीन है सनातन धर्म : आनंद पुरुषार्थी

मेहरमा (गोड्डा): प्रखंड अंतर्गत चपरी गांव में आयोजित चार दिवसीय सामवेद पारायण ज्ञान यज्ञ के दौरान विचार अंतरराष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता पूज्य आचार्य आनंद पुरुषार्थी ने कहा कि जितने भी संप्रदाय, मत-मतांतर वर्तमान में प्रचलित हैं वास्तव में वे सभी करीब चार हजार वर्ष के अंदर ही हुए हैं। इसके पूर्व सृष्टि के प्रारंभ से ईश्वर द्वारा प्रतिपादित सत्य सनातन वैदिक धर्म ही रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यकाल में जब भारत परतंत्रता की बेड़ियों में बंधा तो अनेक विधर्मियों ने हमारे धर्मग्रंथों में मिलावट वेदभाष्य को प्रदूषित किया। भोले-भाले हिंदू विभिन्न प्रकार के अंधविश्वास और रुढ़ियों में फंसते चले गये। धर्म के नाम पर हमें अधर्म पढ़ाया गया, तब गुजरात के टंकारा में बहुप्रतिभा संपन्न बचचे का जन्म हुआ। बाद में युवावस्था में गृह बंधनों से विरत रहकर पूरे देश का भ्रमण किया, तत्कालीन परिस्थिति देखकर आर्य समाज की स्थापना की, आर्यों को नारा दिया कि वेदों की ओर लौटी। देश को गुलामी से मुक्ति के लिए नरम व गरम दल दोनों में आयें समाज के अनुयायियों ने अभूतपूर्व योगदान दिया। इस कारण न केवल देश आजाद हुआ, वेदों का पुनरुद्धार हो सका। इतिहासकारों के हवाले से उन्होंने कहा कि जेलों में बंद 80 फीसदी से ज्यादा कैदी आर्य समाजी थे। आर्य समाज के कारण तात्कालीन भटकती हिंदू जाति को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस कारण शताधिक गुरुकुल खुले, हजारों लाखों बच्चे वेदों के विद्वान बने, माता बहनों को यज्ञ करने का अधिकार मिला। शुद्र भाइयों को यज्ञवेदी में बैठकर आहुति देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अनाथालय खुले, अनाथ बच्चों को सहारा मिला। 16 संस्कारों की परंपरा प्रारंभ हुई, गोशालाएं बनी। गौ माता पर जो सदियों से अत्याचार होता था अब बंद हुआ, शुद्ध त्रैतवाद की स्थापना हुई।



पूरे भारत में समाज सुधार के जितने काम थे आर्य समाज ने क्रमशः सभी में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जो स्कूल नहीं जा सकती थी उन बेटियों के लिये स्कूल व गुरुकुल खोले, आर्य समाज मंदिरों की स्थापना की गयी। पथरगामा मूल के अभी दिल्ली में गुरुकुल गौतम नगर के निवासी प्रख्यात आचार्य प्रियव्रत शास्त्री व ऋया आर्या की ओर से कई भजन प्रस्तुत किये गये। इसके पूर्व आचार्य आनंद पुरुषार्थ द्वारा आर्य समाज मंदिर पचरी में वैदिक हवन यज्ञ कराया गया, इस अवसर पर राजमान के रूप में सुबोध कुमार आर्य और उनकी पत्नी के अलावा पुरोहित विद्यानिधि आर्य, धीरज कुमार आर्य, राजकुमार आर्य, पत्रकार अनिल आनंद, प्रभाष साह, नकुल साह सहित अन्य उपस्थित थे।

# संपादकीय

## रुग्ण मानसिकता के खिलाफ विचार-यात्राएं जरूरी


पवित्र-अपवित्र की इस बीमार सोच के खिलाफ अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है। यह मानसिकता सिर्फ बीमार ही नहीं, आपराधिक भी है। इस अपराध के खिलाफ आंदोलन चलना चाहिए। अभी-अभी देश ने रामनवमी मनाई हैझभगवान राम का जन्मदिन। इस उत्सव के आयोजन को लेकर देश के कुछ हिस्सों में कुछ अप्रिय घटनाएं भी घटीं। इन्हीं अप्रिय घटनाओं में एक राजस्थान में भी घटी थी। हुआ यूं कि राजस्थान के अलवर जिले में भगवान राम के एक मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर राज्य के एक कांग्रेसी नेता ने भी मंदिर जाने का निर्णय किया। वे मंदिर में गये। पूजा भी की। पर कुछ लोगों को उनका मंदिर में जाना पसंद नहीं आया। ऐसे ही लोगों में एक भाजपा के नेता भी थे, जिन्होंने ह्यमंदिर को पवित्रह्न करना जरूरी समझा। उनका यह मानना है कि मंदिर जाकर ह्यउस दलित कांग्रेसी नेताह्न ने मंदिर को अपवित्र कर दिया है। दलित नेता के जाने के बाद भाजपा नेता ने गंगाजल का छिड़काव करके मंदिर को पवित्र किया। उनके इस कृत्य की काफी आलोचना हो रही है, और उनके दल भाजपा ने उन्हें पार्टी से निष्कासित करके कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दिया है। भले ही यह कार्रवाई भाजपा की राजनीतिक आवश्यकता हो, पर इस कार्रवाई का स्वागत ही किया जाना चाहिए। समता, बंधुता और न्याय के आधार पर बने हमारे संविधान में अस्पृश्यता को एक अपराध घोषित किया गया है। स्वतंत्र भारत में इस अपराध में कमी भी आयी है, यह एक सच्चाई है, पर सच यह भी है कि हमारे समाज में आज भी अस्पृश्यता में विश्वास करने वाली सोच जिंदा है। और इस तथ्य को भी समझा जाना चाहिए कि सुधार के सारे दावों के बावजूद आज भी यह बीमार मानसिकता मनुष्यता के हमारे दावों-वादों को झुठला ही रही है। रामनवमी का उत्सव मनाने के आठ दिन बाद ही हमने हमारे संविधान के प्रमुख शिल्पी बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये हैं। हमने यह भी देखा है कि देश के सभी राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं में इस अवसर पर बाबा साहेब के प्रति अपना सम्मान प्रकट करने की जैसे होड़-सी लगी हुई थी। लेकिन हकीकत यह भी है कि अलवर जिले में घटी निंदनीय घटना आठ दिन बाद जैसे आसानी से भुला दी गयी। नहीं, ऐसी घटनाएं भुलाई नहीं जानी चाहिए। इन्हें याद रखना, इन पर चिंतन करना, इसलिए जरूरी है कि यह घटनाएं हमें आदमी और आदमी के बीच भेदभाव को समझने का अवसर देती हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस अपराध को मानवता पर कलंक कहते समय भी कहा था कि अस्पृश्यता रंग-भेद जैसा ही अपराध हैझ जैसे रंग-भेद मनुष्यता का अपमान है, वैसे ही अस्पृश्यता की अवधारणा भी अपने आप में कोई छोटा अपमान नहीं है। किसी व्यक्ति को किसी भी आधार पर इतना हीन समझना कि उसे छूना अपराध बन जाए, उसकी छाया अपवित्र मानी जाये, उसे बस्ती के किसी हिस्से में ही रहने को विवश किया जाये, चाय की गुमटियों पर उसके लिए पृथक बर्तन रखे जाएं, सांविधानिक अपराध ही नहीं है, यह उस बीमार सोच का भी परिचायक है जो स्वयं को ही पवित्र समझने वालों को मनुष्य कहलाने के अधिकार से वंचित करता है। पिछले एक अर्से से आंकड़े नहीं मिल रहे, पर यह तथ्य अपने आप में बहुत कुछ कहता है कि देश में सत्तारूढ़ दल का कोई वरिष्ठ सदस्य एक विधानसभा में विपक्ष के नेता को मंदिर में जाने के लायक नहीं समझता। यह बात यहां रेखांकित की जानी चाहिए कि यह सदन में विपक्ष का नेता इसलिए मंदिर में जाने योग्य नहीं माना गया कि वह दलित है। पापी वह दलित नहीं है जो मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए गया, पापी ऐसा व्यक्ति है जो दलित के प्रवेश से मंदिर को अपवित्र मानता है। अछूतों के मंदिर प्रवेश को लेकर आजादी की लड़ाई के दौरान ही देश में महात्मा गांधी, बाबासाहेब अंबेडकर जैसे नेताओं ने कथित अछूतों के मंदिर-प्रवेश के अधिकार के लिए लड़ाई शुरू कर दी थी। स्वतंत्र भारत में भी यह लड़ाई जारी रही। हमारे संविधान की धारा 17 के अनुसार अस्पृश्यता दंडनीय अपराध है। पर संविधान में प्रावधान मात्र से बात नहीं बनती।

# तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने तीसरे कार्यकाल की बड़ी चुनौतियों में बंगाल, तमिलनाडु, केरल को जीतना है। वैसे इन राज्यों में भाजपा की जीत एक करिश्मा ही होगा, लेकिन मोदी-शाह ऐसे आश्चर्यकारी करिश्में घटित करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लड़ाई भी लड़ी जानी है। स्टालिन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवादित करने और त्रिभाषा सिद्धांत को हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में प्रचारित करने से केंद्र आहत है, इसीलिये भाजपा अपने राजनीतिक सिद्धांतों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को गंभीर चुनौती दे रहे इन नेताओं और दलों को वैचारिक धरातल पर परास्त करने का रास्ता भी खोज रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्राओं एवं अन्य चचाओं में यह बताते रहे हैं कि पूरे तमिलनाडु की जनता एवं राज्य उनके दिल में हैं, वे उसके कल्याण एवं विकास के लिये तत्पर है।**

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमजोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है। भाजपा की राजनीतिक यात्रा में 2026 का तमिलनाडु चुनाव मील का पत्थर साबित होगा, वर्षों की प्यास को बुझायेगा, कमल खिलायेगा।

यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है। भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता आसीन हो चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है,



केवल तमिलनाडु ही है जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच पायी है। मोदी के प्रभाव और भाजपा के विशाल संसाधनों के बावजूद तमिलनाडू जीतना उसके लिए मुश्किल रहा है। पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है।

एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। 2004 के आम चुनाव में फिर से एआईडीएमके भाजपा के साथ आई लेकिन तमिलनाडु में लोकसभा की सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन मोदी-शाह की नजरें हमेशा इस राज्य पर लगी रही। क्योंकि सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका के माध्यम से भारत में पैठ बनाना चाहता है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर विरोध करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है, अनेक संकटों का कारण बन सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने तीसरे कार्यकाल की बड़ी चुनौतियों में बंगाल, तमिलनाडु, केरल को जीतना है। वैसे इन राज्यों में भाजपा की जीत एक करिश्मा ही होगा, लेकिन मोदी-शाह ऐसे आश्चर्यकारी करिश्में घटित करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लड़ाई भी लड़ी जानी है। स्टालिन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवादित करने और त्रिभाषा सिद्धांत को हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में प्रचारित करने से केंद्र आहत है, इसीलिये भाजपा अपने राजनीतिक सिद्धांतों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को गंभीर चुनौती दे रहे इन नेताओं और दलों को वैचारिक धरातल पर परास्त करने का रास्ता भी खोज रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्राओं एवं अन्य चचाओं में यह बताते रहे हैं कि पूरे तमिलनाडु की जनता एवं राज्य उनके दिल में हैं, वे उसके कल्याण एवं विकास के लिये तत्पर है। तमिल लोगों के दिलों को जीतने का काम अकेले भाजपा के द्वारा संभव नहीं है, इसीलिये एआईडीएमके की बैशाखियां उसके लिये जरूरी है।

भाजपा के राजनीतिक समीकरणों की सार्थक निष्पत्ति का एक हिस्सा है एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। शाह एक कद्दावर नेता होने के साथ राजनीतिक गणित को समझने में माहिर है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते हैं। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं, सुस्पष्ट एजेंडा है। वह एआईडीएमके के साथ अभी से उदार एवं लचीली सोच से चलना चाहते हैं लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके एवं स्टालिन का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। विकास के लिये सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा।

तमिल में भाजपा के पांव जमते हुए दिख रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है भाजपा की सोच में बदलाव आना, तमिलों की बारीकियों एवं भावनाओं को समझते हुए राजनीतिक दांव चलना। भाजपा के पास द्रविड़ समाज को आकार देने का भले ही संस्थागत इतिहास नहीं है, लेकिन राज्य के विकास में उसने गहरे. संसाधन लगाये हैं। वह एक नया वोट-आधार तैयार कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले मोदी ने काशी और तमिलनाडु के बीच विभेद को खत्म करने की कोशिश की। धार्मिक राजत्व का तमिल प्रतीक सेंगोल संसद में स्थापित किया गया। ऐसे अनेक सकारात्मक प्रयास भाजपा के द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। त्रिभाषा फामूर्ला भी तमिल लोगों को भाषा के नाम पर जोड़े रखने का एक उपक्रम है। मोदी और शाह दोनों ने तमिल भाषा के प्रति पार्टी के सम्मान को परिभाषित किया। पिछले दशक का एक बड़ा राष्ट्रीय घटनाक्रम यह रहा है कि भाजपा ने चुपचाप अपने नारे हिंदी, हिंदू और हिंदुस्तान में सुधार किया है। अब वे हिंदी और सभी क्षेत्रीय भाषाओं की बात करते हैं। इन सबके चलते यदि तमिल के जातीय-मतदाता भाजपा को उसके मौजूदा स्वरूप में स्वीकार करेंगे, तब यह भारतीय सेकुलर राजनीति की एक क्रांतिकारी घटना होगी।

शाह की रणनीति सही दिशा में काम कर रही है। बावजूद यह डगर चुनौतीपूर्ण है। क्योंकि डीएमके दुबारा सत्ता में आने के लिए जो नुस्खा तैयार कर रही है उसमें तमिल स्वाभिमान और भाषा विवाद का घोल मिलाया जा रहा है। स्टालिन और उनका पूरा परिवार इस समय घोर भ्रष्टाचार और गैर कानूनी कामों में लिप्त है लेकिन उन्होंने हिंदी विरोध, दक्षिण के साथ केन्द्र का कथित सौतेला व्यवहार और मनमाने परिसीमन जैसे मुद्दों को आगामी चुनाव का एजेंडा बनाया है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमिलनाडु यात्रा में जानबूझ कर मुख्यमंत्री स्टालिन गायब हो गए, जबकि यह एक सामान्य शिष्टाचार होता है कि प्रधानमंत्री प्रांत में आये तो मुख्यमंत्री उनका स्वागत करें। लेकिन ऐसा न करके स्टालिन ने यह जताया कि डीएमके भाजपा विरोध के साथ-साथ केंद्र से टकराव की राजनीति पर है।

# कम न हो पाएंगे यमुना के दुःख-दर्द, रिवर फ्रंट योजना

आंकड़ों, बजट और आरोपों में दिमाग खपाने से यमुना का कुछ उद्धार होने से रहा, इसके किनारों पर हरियाली हो, अतिक्रमण साफ हो, इसकी धार को बगैर रोके-टोके बहने का मौका मिले। बस इतना कर लीजिए एसटीपी जैसे खर्चे कुछ कम हो जाएंगे।

पहली बार में दिल्ली की यमुना पर सफेद झाग नजर आते हैं। थोड़ा करीब से देखें तो पानी निपट काला नजर आता है। खासकर कालिंदी कुंज पर तो लगता था कि यह नदी नहीं, बर्फ का ढेर हो। दिल्ली विधानसभा चुनाव में यमुना को साफ करने के मुद्दे पर खूब चर्चा हुई, होनी भी चाहिए थी क्योंकि केजरीवाल सरकार ने इस बारे में बहुत से दावे किए लेकिन नतीजा सिफर रहा था। लेकिन आश्चर्य तब हुआ जब चुनावी नतीजे आते ही, बगैर सरकार के गठन के यमुना में कुछ ऐसी मशीन तैरती दिखीं जो कचरा साफ कर रही थीं। वैसे तो ऐसा कचरा यदि कोई भी नदी अविरल रहे और उसमें बरसात के दिनों में दो-चार बाढ़ आ जाये तो खुद-ब-खुद किनारे लग जाता है। सभी जानते हैं कि आप सरकार के दौरान दिल्ली में आधा राज तो लपटन साब अर्थात लेफ्टिनेंट गवर्नर का चलता रहा है। फिर यह मशीन उतारने के लिए सरकार बदलने का इंतजार क्यों किया गया?

कड़वा सच तो यह है कि यमुना के दर्द से जब जनता बेपरवाह हुई और महज छठ के आसपास इसकी याद आने लगी तो राजनीतिक दलों ने भी इसे गम्भीरता से लेना छोड़ दिया। यह समझना होगा कि बीते दो दशकों से दिल्ली में हरियाणा से दिल्ली आने वाली यमुना में साल में कम से कम 10 बार अमोनिया की मात्रा बढ़ती है। यह भी समझना होगा कि साल दर साल यमुना में पानी की मात्रा कम हो रही है, जबकि उसके किनारे बसे शहरों-बस्तियों की आबादी बढ़ रही है। जाहिर है कि वहां से निकलने वाले जल-मल में भी वृद्धि हो रही है और कड़वा सच यह है कि यह आधे अधूरे ट्रीटमेंट के बाद यमुना में मिल रहा है। एक तरफ हम यमुना से ज्यादा पानी ले रहे हैं, दूसरा हम इसमें अधिक गंदगी डाल रहे हैं, तीसरा इसमें पानी कम हो रहा है। वैसे दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने इस साल यमुना के मद में 500 करोड़ का प्रावधान रखा है



लेकिन कोई ठोस योजना प्रस्तुत की नहीं।

लेकिन यमुना की जमीनी हकीकत को परे रखकर जिस तरह अहमदाबाद के साबरमती फ्रंट की तर्ज पर दिल्ली की यमुना को दमकाने की योजनाएं सरकार के खजाने से बाहर आईं उससे जाहिर हो गया कि यमुना में निर्मल जल और विशाल जलनिधि के बनिस्बत उसकी भूमि छुड़ाकर उसका व्यावसायिक इस्तेमाल करने की मंशा है। वैसे एनजीटी सन? 2015 में ही दिल्ली के यमुना तटों पर निर्माण पर पाबंदी लगा चुका है लेकिन इससे बेपरवाह सरकारें मान नहीं रही। अभी एक साल के भीतर ही लाख आपत्तियों के बावजूद सराय कालेखां के पास बांस घर के नाम से केफेटेरिया और अन्य निर्माण हो गए। और अब यही सराय कालेखां के सामने 22 एकड़ का जो रिवर फ्रंट बनाने की बात है, वह भी एनजीटी के आदेश की खुली अवहेलना ही होगा।

दिल्ली में यमुना कोई 52 किलोमीटर का सफर तय करती है। सराय कालेखां तक आने में उसका आधा सफर हो जाता है और इसमें ही अधिकांश नाले, औद्योगिक कचरा आदि मिलता है। आईटीओ पुल पर पहुंचते ही यह मृतप्राय हो जाती है। इसमें घुलित ऑक्सीजन की मात्रा नहीं मिलती है। यानी ऑक्सीजन शून्य है। किसी भी नदी की जीवनधारा के लिए घुलित ऑक्सीजन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के किसी भी हिस्से में यमुना जल मनुष्यों के उपयोग के लायक नहीं है। यहां फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा भी मानक स्तर से कहीं ज्यादा है। इससे पहले ही श्मशान घाट है और इससे पहले ही, कभी अरावली से आने वाली साहबी नदी और नजफगढ़ वेट लेंड की बीच का चैनल रहे और अब सबसे दूषित नाला बन गया नजफगढ़ ड्रेन भी है।

एक नजर में स्पष्ट हो जाता है कि सरकार का असली मन्तव्य समूची नदी को पावन बनाने की जगह सबसे पहले इसके पाट को काम कर इसे संकरी नहर में बदलना है। फिर नदी से ली गई जमीन पर दुकानें खोलना और उससे पैसा कमाना है। दिल्ली में बहने वाली नदी की लंबाई के दो प्रतिशत से भी कम को चमका कर लोगों को मुगालते में रखने की यह परियोजना कम से कम यमुना के आंसू तो पोंछ नहीं पाएगी। यहां जानना जरूरी है कि यमुना नदी के आसपास की भूगर्भ संरचना कठोर चट्टानों वाली नहीं है। यहां की मिट्टी सरंध्र है। नदी में प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण इसमें कई फुट गहराई तक गाद भरी है, जो कि नदी के जलग्रहण क्षमता को तो कम कर ही रही है, साथ ही पानी के रिसाव के रास्ते भी बना रही है। इसका परिणाम यमुना के तटों पर दलदली भूमि के विस्तार के तौर पर देखा जा सकता है।

# सास-बहू सीरियल हुआ पुराना, अब जमाना है सास-दामाद प्रेम कहानी का!

## विशेष रिपोर्टः मोहब्बतनामा अलीगढ़ से

अलीगढ़ की पावन भूमि ने एक बार फिर साबित कर दिया कि इश्क न उम्र देखता है, न रिश्ता, बस मोबाइल गिफ्ट देखता है।जी हाँ, जहां एक तरफ पूरा देश बेटी बचाओ के नारे में व्यस्त था, वहीं इस मोहब्बत के उभरते सूरज ने सीधा सास को भगाओ का नारा गढ़ दिया!

कहानी कुछ यूँ हैः चार महीने पहले एक शरीफ से लड़के का रिश्ता एक लड़की से तय हुआ। लड़का अक्सर लड़की के घर आता-जाता था। लेकिन वो अकेले में सबसे ज्यादा सास से बात करता था – कभी संस्कार के नाम पर, कभी संस्कृत की बहस में, और कभी फोन की सेटिंग्स समझाने के बहाने।

जल्द ही दामाद ने मोबाइल गिफ्ट नामक ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया। फिर क्या था! व्हाट्सएप पे शुभ रात्रि से शुरू हुआ चैट सिलसिला सुप्रभात जानू तक पहुँच गया।

कहते हैं मोहब्बत अंधी होती है... और इस बार तो रिश्तेदार भी हो गई!

16 अप्रैल को जब पूरे घर में हल्दी, मेहंदी और शादी की तैयारी चल रही थी, तभी दुल्हन बनने वाली लड़की की माँ, अपनी होने वाली बेटी की शादी से कुछ दिन पहले, उसी दूल्हे के साथ जयमाल डाल कर भाग गई। सास बनी साजन की संगिनी और दामाद बना जीवनसाथी।

बेटी के हिस्से क्या आया?

केवल शॉक, और वो भी 440 वोल्ट का। साथ में घर में रखे 5 लाख के गहने और 2.5



लाख की नगदी भी सासू माँ विदा कर ले गईं – बिना शगुन के!

पड़ोसी बोलेः हम तो समझे संस्कारी दामाद है, रोज सासू माँ से आशीर्वाद लेने आता है... पता चला आशीर्वाद नहीं, इश्क के वचन ले रहा था!

सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरलः जहाँ लोग 'Couple Goals'' ढूंढ रहे थे, वहाँ इन दोनों ने 'In-Laws Goals'x' का नया ट्रेंड शुरू कर दिया है। लोगों ने कमेंट्स में लिखाः

प्याज के रेट तो सस्ते हो सकते हैं, पर रिश्ते नहीं!

अब रिश्तों में भी रिफंड पॉलिसी होनी चाहिए!

मम्मी तू ही मेरी दुल्हन क्यूँ बन गई?

# कारोबारी को शौचालय में बंद कर लूटेरे 15 लाख की नगदी समेत 23 लाख का सामान लेकर चंपत

## कटघर थाना क्षेत्र के पंडित नंगला स्थित जिगर कंपाउंड में बीती देर रात पीतल और रियल स्टेट कारोबारी हाफिज शम्सुर्रहमान के घर को बदमाशों ने निशाना बनाया।

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र के पंडित नंगला स्थित जिगर कंपाउंड बीती देर रात पीतल और रियल स्टेट कारोबारी हाफिज शम्सुर्रहमान के घर को बदमाशों ने निशाना बना डाला। पीड़ित का आरोप है कि उसे तमंचे के दम पर बंधक बनाकर घर में रखा 15 लाख रुपए का कैश व करीब 85 ग्राम सोने के जेवरात,लाइसेंसी रिवॉल्वर और मोबाइल सहित अन्य सामान भी लूट लिया गया। घटना को सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगाले हैं। जिनमें 2 लोग घर की दीवार फांदकर घर में घुसे हैं और उन्होंने हाथ में डंडा ले रखा है।



**कारोबारी के घर चोरी लाखो का सामान गायब**

पीड़ित कारोबारी ने बताया कि उसको कुछ अज्ञात बदमाशों द्वारा घर में घुसकर 15 लाख रुपये नगद,सोने के जेवरात, लाइसेंसी रिवॉल्वर और मोबाइल सहित अन्य सामान भी चोरी कर लिया गया। ये लोग मुझे घर के शौचालय में बंद करके सारा सामान ले गए। बुधवार की सुबह 9 बजे बेटी घर पहुंची तब उसने शौचालय का गेट खोलकर बाहर निकाला है। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज पाने कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

वहीं घटना पर जानकारी देते हुए कटघर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पंडित नंगला में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया है। घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया है। मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए गए हैं। सीसीटीवी कैमरा फुटेज देखी गई है। उसमें दो लोग घर से बाहर भागते हुए नजर आ रहे हैं। जांच कराई जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा

# शाहबाद में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में जांच के नाम पर हुआ बड़ा खेल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। नगर में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत लगभग 1338 नामो की एक सूची तहसील शाहबाद तथा नगर पंचायत शाहबाद को जांच के लिए शासन द्वारा भेजी गई थी जिसमें तहसील शाहबाद से कस्बा लेखपाल एवं अन्य लेखपालों की टीम बनाकर 1338 नामो की सूची से प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों की पात्रता की जांच की जाना थी जांच के दौरान लगभग तहसील को एक सौ तीस नामो से ज्यादा नाम पात्र किऐ गये थे जिसके बाद उनकी सूची तहसील में लेखपालों के द्वारा जमा की गई थी जमा सूची के दौरान शाहबाद अधिशासी अधिकारी के द्वारा शाहबाद नगर में पुनः जांच की गई जिसमें अधिशासी अधिकारी शाहबाद नायब तहसीलदार शाहबाद कस्बा लेखपाल शाहबाद एवं अन्य तीन लेखपालों को पुनः जाच टीम के साथ गठित किया गया था गठित टीम के द्वारा लगभग शाहबाद के तीन से चार वार्डो की जांच पुनः की गई जिसमें नगर पंचायत शाहबाद के अधिशासी अधिकारी के द्वारा जांच में बड़ा खेला करते हुए साठ चुनिंदा लोगों को पात्रता की सूची में शामिल कर दिया गया और लिस्ट तहसील मे जमा कर दी गई जिसमें जांच के नाम पर बड़ा खेल किया गया है शाहबाद की गरीब जनता की मांग रखते हुए जिलाधिकारी रामपुर एवं उ0प्र0के मुख्यमंत्री से शाहबाद नगर पंचायत के सभासदों द्वारा एक शिकायती पत्र भेज कर 1338 नामो की आवास की सूची की पुनः जांच की मांग की गई है जिससे कि शाहबाद नगर की गरीब जनता के प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम शामिल किए जाएं भेजे गए शिकायती पत्र मे लगभग आधा दर्जन सभासदों के द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं

# डॉक्टर पर लगाये गंभीर आरोप, गलत इलाज की वजह से गई युवक की जान

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र स्थित विनम क्लीनिक के डॉक्टर अशोक कुमार पर एक मरीज की जान लेने और सबूत मिटाने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगा है। मृतक की पत्नी मुनेश ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर पूरे मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।




हालत बिगड़ने पर भी गंभीरता से नहीं लिया घटना 24 जनवरी 2025 की है, जब बिरजू (पुत्र स्व. कल्लू लाल) को हल्का बुखार होने पर वह अपनी बेटी राधा के साथ डॉक्टर अशोक कुमार के क्लीनिक पर दवा लेने गया। मृतक की बेटी के अनुसार डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाने के बाद बिरजू को वहीं बैठा दिया और दवा का पर्चा कंपाउंडर को थमा दिया। इंजेक्शन लगते ही बिरजू की हालत बिगड़ने लगी, लेकिन डॉक्टर ने गंभीरता से नहीं लिया। बेटी के सब्जी लेने चले जाने के बाद, जब वह वापस लौटी तो क्लीनिक के कंपाउंडरों ने उसे यह कहकर भगा दिया कि उसके पिता जा चुके हैं। रात तक जब बिरजू घर नहीं पंहुचा तो परिवार वालो को चिंता होने लगी जिसके बाद परिवार के लोगो ने बिरजू की तलाश शुरू की। तभी अगले दिन जिला अस्पताल में जाकर पता चला कि एक लावारिस लाश लाई गई थी, जिसे देखकर पत्नी मुनेश ने अपने पति के रूप में पहचाना।

शव को ई-रिक्शा से जिला अस्पताल भेजा -बता दे कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, और केमिकल एनालिसिस के लिए विसरा सुरक्षित किया गया है। आरोप है कि डॉक्टर अशोक कुमार, जिनके पास एलोपैथी की कोई डिग्री नहीं है, गलत इलाज कर बिरजू की जान ली और फिर अपने कंपाउंडरों अतुल व विजय के जरिए शव को ई-रिक्शा से जिला अस्पताल भेज कर लावारिस घोषित करवा दिया।

प्रार्थिनी मुनेश का कहना है कि अब डॉक्टर अशोक कुमार उन्हें धमका रहा है और कानूनी कार्यवाही न करने का दबाव बना रहा है। पीड़िता ने पुलिस से मामले में एफआईआर दर्ज कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# विधायक की दो टूक मेरे ऊपर चढ़ा दो बुल्डोजर , बिना कार्यवाही करें लौटी सिटी मजिस्ट्रेट

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद । शहर से भाजपा विधायक अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गए और अपने साथियों के संग उन्होंने अधिकारियों पर दबाव बनाया। जबकि अधिकारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, यह सरकारी कार्य है। सरकारी काम में बाधा पहुंचना आपको शोभा नहीं देता। मगर शहर विधायक रितेश गुप्ता ने किसी सरकारी अधिकारी की एक न सुनी और तैस में आकर वह बोले, मुझ पर बुलडोजर चला दो।



दरअसल मामला मझोला स्थित नवीन मंडी परिसर से जुड़ा हुआ है। नवीन मंडी परिसर में लगभग 243 दुकाने हैं। मगर वहां पर कारोबार करने वाले करीब 750 लोगों को लाइसेंस जारी कर दिया गया है, जिन लोगों को दुकानें अलाट हैं। वह तो अपनी दुकानों में कारोबार कर रहे हैं। मगर जिन लाइसेंस धारी कारोबारियों को दुकान अलाट नहीं है। उन्होंने मंडी परिषद की कई सौ करोड़ की जमीनों पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिसकी कीमत आज करोड़ों रुपए में बताई जाती है।

यूपी सरकार की मंशा-प्रदेश सरकार चाहती है कि जिन कारोबारियों ने मंडी परिसर की जमीनों पर कब्जा कर रखा है उसे खाली कर दे। इसलिए राज्य सरकार ने मंडी अधिकारियों को आदेश दिया है, जल्द से जल्द मझोला स्थित नवीन मंडी परिसर स्थित कब्जे वाली जमीनों को कब्जेदारों से खाली कराया जाए। इसके लिए मुरादाबाद सिटी मजिस्ट्रेट जो की मंडी सभापति भी है उन्होंने पिछले एक महीने से कारोबारियों को चेतावनी दी और नोटिस दिया कि आप लोग मंडी की सरकारी जमीनों से अपना कब्जा हटा लें, नहीं तो मंडी परिषद स्वयं कब्जा हटाएगा।

**विधायक से बोलीं, सिटी मजिस्ट्रेट आप सरकारी काम में पहुंचा रहे हैं बाधा**

इस सिलसिले में सिटी मजिस्ट्रेट आज बुलडोजर के साथ में मय फोर्स के कब्जा हटाने मंडी परिसर पहुंची थी। मगर वहां पर शहर विधायक रितेश गुप्ता अपने पूरे लाव लश्कर के साथ पहुंच गए। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट से कहा कि उनके रहते हुए यह कब्जा नहीं हटेगा। अगर बुलडोजर चलाना ही है तो हम पर बुलडोजर चलाओ। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा यह सरकारी काम में बाधा पहुंचाना है। हमें सरकार से आदेश मिला है। हम तो सरकार के आदेशों का पालन कर रहे हैं। फिर भी रितेश गुप्ता नहीं माने और उनके साथ में पहुंचे हुए लोग विधायक के समर्थन में नारेबाजी करते रहे ।

**सरकार वापस लेगी आदेश !**

अब देखना यह है कि सरकार अपने विधायक के दबाव में मंडी परिसर से अवैध कब्जेदारों बेदखल करने का आदेश वापस लेती है अथवा अपनी जमीनों पर से कबजेदारों को हटाती है। बहरहाल आज कार्रवाई किये बगैर सिटी मजिस्ट्रेट वापस चली गईं और विधायक भी अपने समर्थकों के साथ धरना खत्म कर दिया।

# महिलाओं की सुरक्षा करना अधिकारियों की जिम्मेदारी



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने अधिकारियों से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। वह मंगलवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पीड़िताओं की फरियाद सुन रहीं थीं। इस दौरान सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न व घरेलू हिंसा की शिकायतें पहुंचीं। साथ ही उन्होंने स्कूल कॉलेज में महिला शौचालयों में महिलाओं की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने सुबह 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बारी-बारी से पीड़ित महिलाओं की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 17 पीड़ित महिलाएं अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचीं। उन्होंने सभी शिकायतों को निस्तारण व महिलाओं की समस्या का समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने काम करने वाली महिलाओं की समस्या निदान के लिए सहायक श्रमायुक्त एमएलपाल को कमेटी गठन के लिए कहा है। एडीएम प्रशासन विजय शंकर दुबे, पुलिस अधीक्षक यातायात मनोज कुमार, डिप्टी कलेक्टर रितु सिरोही, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# वक्फ बोर्ड की संपत्ति बता ईदगाह मस्जिद का फर्जी पंजीकरण कराने का आरोप



मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष पांडेय ने मंगलवार को सीजेएम न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल कर वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताकर शाही मस्जिद ईदगाह का फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वक्फ बोर्ड में पंजीकरण कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने कोर्ट से केस दर्ज करने की मांग की है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष पांडेय ने सीजेएम गौरव उत्सव राज के न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कहा कि जिस स्थान पर शाही मस्जिद ईदगाह बनी है, आज भी उसका टैक्स नगर निगम में श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट जमा करता है। खसरा-खतौनी में भी उसी का नाम दर्ज है, लेकिन शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर शाही मस्जिद ईदगाह को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताया और वक्फ बोर्ड में पंजीकरण करा लिया है। इसलिए कमेटी के पदाधिकारियों पर मुकदमा दर्ज हो। उधर, शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी के सचिव तनवीर अहमद ने बताया कि ईदगाह वक्फ बोर्ड की संपत्ति है, उसी आधार पर दर्ज है। आशुतोष पांडेय न्यायालय को गुमराह कर प्रार्थना पत्र देते हैं।

# बदहवास हालत में पड़ी मिली अर्धनग्न मंदबुद्धि किशोरी ,दुष्कर्म की आशंका

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

उत्तर प्रदेश रामपुर सैफनी। थाना क्षेत्र के एक गाँव में मंगलवार शाम लापता हुई एक ग्यारह वर्षीय मंदबुद्धि और गूंगी किशोरी बुधवार सुबह रोड किनारे एक खेत में अर्धनग्न और गंभीर हालत में मिली। परिजनों ने किशोरी के साथ बलात्कार की आशंका जताई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के पिता ने थाना सैफनी,में बताया कि उनकी पुत्री मंगलवार शामं करीब 7 बजे अपने खेत की तरफ गई थी और देर रात तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने रात भर उसे ढूंढा,लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बुधवार सुबह परिजनों को सूचना मिली कि किशोरी रोड किनारे एक बरसीन के खेत में सड़क किनारे बदहवास हालत में पड़ी है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा कि किशोरी के चेहरे और शरीर पर चोटों के निशान थे जिससे ऐसा लग रहा है कि उसके साथ बलात्कार किया गया है।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह पुलिस बल और एसओजी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों ने एंबुलेंस से घायल किशोरी को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया, जहाँ उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओजी टीम भी मामले की छानबीन में जुट गई है। उधर पुलिस अधीक्षक द्वारा तीन टीमों को गठित कर जांच के निर्देश दे दिए गए हैं बहुत जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा



# खाली पड़ी डिस्पेंसरी में दी जा रही आत्मरक्षा की डोज

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। कैंटोनमेंट की खाली पड़ी डिस्पेंसरी में बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। हालांकि यह कैंटोनमेंट की सी वन लैंड है। यहां संचालित होने वाली डिस्पेंसरी रेजीमेंटल बाजार के पास शिफ्ट की जा चुकी है। बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को प्रेमपाल निखारने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दे रहे हैं। मयूर विहार से चंदनवन जाने वाले मार्ग पर छावनी परिषद की डिस्पेंसरी काफी समय से बंद है। ऐसे में प्रेमपाल यहां बच्चों को मार्शल आर्ट्स, कराटे और सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनका उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा में चार चांद लगाकर उनका राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक लाने का सपना पूरा करना है। यहां पांच वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक की आयु के करीब 40 बच्चे प्रशिक्षण लेने के लिए आते हैं। इनमें से कई बच्चों को वह निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। छावनी परिषद सीईओ दिव्या आर का कहना है कि किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के मामले में छावनी बोर्ड की अनुमति प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया का पालन करना होता है। इस जमीन पर व्यावसायिक गतिविधि तो नहीं हो रही, इसे दिखवाया जाएगा।



# मथुरा में रेलवे जंक्शन पर प्रेमी युगल ने एक साथ विषाक्त पदार्थ का सेवन कर गंवाई जान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। रेलवे जंक्शन के द्वितीय प्रवेश द्वार के बाहर टीन शेड में एक प्रेमी युगल ने एक साथ विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे दोनों की तबीयत बिगड़ गई। दोनों ड़प रहे मुंह से झाग निकलता दिखाई दिया तो आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर हाईवे और जीआरपी पुलिस ने मौके पहुंचकर एंबुलेंस बुलाकर दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद जिला अस्पताल के बेड पर दोनों के शव एक घंटे तक पड़े रहे। वहीं जीआरपी और हाईवे पुलिस सीमा को लेकर एक दूसरे पर कार्रवाई करने को लेकर अड़े रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मथुरा जंक्शन के रेलवे स्टेशन गेट नंबर दो के पास माल गोदाम बना हुआ है। यहीं पर टीन शेड के नीचे मंगलवार सुबह एक प्रेमी युगल ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। इससे दोनों की हालत बिगड़ गई। टीन शेड के नीचे दोनों तड़पने लगे। युवक और युवती की गंभीर हालत देखकर कुछ लोगों ने 112 पर फोन करके एंबुलेंस को बुलाया। मौके पर पहुंचे एंबुलेंस कर्मी ने तड़प रहे युवक और युवती से उनके नाम पूछे। युवक महेंद्र और युवती निशा दोनों शाहजहांपुर के रहने वाले बताए। दोनों घर से करीब दस दिन पहले भागे थे। उनके स्वजन ने पुलिस को तहरीर दी थी। एंबुलेंस कर्मी ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया।



सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ जिला अस्पताल पहुंच गई। जीआरपी ने घटनास्थल हाईवे थाना क्षेत्र में होने की बात कहकर हाईवे पुलिस को सूचना दे दी। वही हाईवे पुलिस में उनका क्षेत्र नहीं होने की कहकर कार्रवाई करने से मना कर दिया। ऐसे में करीब 1 घंटे तक दोनों शव अस्पताल के बेड पर ही पड़े रहे। इसके बाद जीआरपी थाना प्रभारी यादराम ने मामले से एसपी सिटी को अवगत कराया है। बताया जाता है कि छिदपुरी कलां शाहजहांपुर निवासी 18 वर्षीय मुनेंद्र पुत्र राम प्रकाश राठौड़ व 17 वषीर्या निशा पुत्री मुनेत के रूप में हुयी है। एसपी सिटी के निर्देश पर हाईवे थाना की पन्ना पोखर चौकी प्रभारी सर्वेश कुमार के द्वारा पंचनामा की कार्यवाही अमल में लाई जा रही थी। दोनो मृतको के परिजनों को घटना से अवगत करा दिया है। पुलिस के अनुसार दोनों लड़का-लड़की नाबालिग है। दोनों ही 9 दिन पूर्व घर से गायब चल रहे थे। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि दोनों मृतको के परिजनों के आने का इंतजार है तभी मामले की तह तक पहुंचा जा सकेगा।

# प्राथमिकता से हो किसान समस्याओं का निराकरण

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया। जिसमें डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुनते हुए निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में उप कृषि निदेशक ने गत माह के किसान दिवस में उठायी गयी समस्याओं के समाधान एवं अनुपालन आख्या से जिलाधिकारी व किसानो को अवगत कराया। इसके बाद किसानों ने जिलाधिकारी के समक्ष दलहन एवं तिलहनी की उपज को एमएसपी मूल्य पर क्रय करने के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में एक क्रय केन्द्र खोलने, गर्मियों के मौसम के दृष्टिगत प्रत्येक गांव में पांच नये हैण्डपम्प लगवाने, ग्राम बाबूपुर में चकबंदी की आपत्तियों का ससमय निस्तारण कराने, नहर कब्जा को मुक्त कराने, मंडी में नीलामी चबूतरा को खाली कराने व ग्राम पंचायत बक्टा बुजुर्ग, नोनार, प्रसिद्धपुर के किसानो को डिफेंस कॉरिडोर में अधिग्रहित जमीनों का मुआवजा दिलाने सहित आदि समस्याएं रखीं। इस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्राप्त समस्याओं का अविलम्ब समाधान कराकर अनुपालन आख्या से शीघ्र अवगत करायें। इस दौरान उप कृषि निदेशक ने किसानों को सोलर तार फैसिंग योजना की जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एस के पांडेय, भूमि संरक्षण अधिकारी तुलसीराम, देवेंद्र निरंजन, खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश झा व भाकियू के जिलाध्यक्ष राम सिंह, तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, यशवंत सिंह, देवेंद्र सिंह, राजकिशोर सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# महिला आयोग की सदस्य ने जानी महिलाओं की समस्याएं



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने बुधवार को जनपद का दौरा किया। यहां उन्होंने महिला जनसुनवाई का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं को सुना। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में राज्य महिला आयोग की सदस्य को महिलाओं ने विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, स्पॉन्सरशिप योजना के लाभार्थियों, महिला उत्पीड़न, नारी हिंसा, घरेलू हिंसा सहित अन्य समस्याओं से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र देकर समस्या निस्तारण की मांग की। इस पर महिला आयोग की सदस्य ने जिले के सभी अधिकारियों को प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण करते हुए सम्बन्धित को सरकारी योजनाओं से लाभार्थियों को शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, एसीएमओ, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी आदि मौजूद रहे।

इसके बाद उन्होंने ऐंचवारा ग्राम पंचायत में विद्यालय के वार्षिकोत्सव में आयोजित कार्यक्रम में होनहार बच्चों को पुरस्कार वितरित किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, जिला मंत्री मनोज तिवारी, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, उपाध्यक्ष गोलू गर्ग, महिला मोर्चा महामंत्री विनीता द्विवेदी, माया प्रजापति, ग्राम प्रधान सुनील शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच व्यक्तियों ने ग्रामीण को पीटा, केस दर्ज

ललितपुर। कस्बा बार में ग्रामीण के साथ पांच नामजद आरोपितों द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम टूडासर निवासी अर्जुन सिंह पुत्र देव सिंह यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 14 अप्रैल को वह कस्बा बार में था। तभी कस्बा बार निवासी आशीष पुत्र सुरेश गुप्ता अपने चार अन्य साथियों के साथ एकराय होकर आ गये और गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। आस-पास से लोगों को आता देख आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

### बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

ललितपुर। नगर में स्थित एक बैंक के पास खड़ी बाइक अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। स्टेशन रोड पर स्थित विजया बैंक के सामने स्थित एक मकान में रहने वाले रूपेश कुमार पुत्र रामप्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13/14 अप्रैल की मध्य रात्रि घर के बाहर बाइक खड़ी कर आवास पर चला गया। सुबह बाइक को नदारद देख आस-पास खोजबीन करने के बाद भी कोई जानकारी न मिलते देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

ललितपुर। थाना बार के ग्राम मिर्चवारा में खेत से वापस घर आते समय रेलवे लाइन पार कर रही वृद्ध महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। ग्राम मिर्चवारा निवासी मझली बहु पत्नी गरीबे उम्र 75 वर्ष के पुत्र निर्भान ने बताया कि बीते सोमवार की शाम उसकी माँ खेत पर हो रही गेंहू की थेसिंग को देखने के लिये खेत पर गयी थी। वापस आते समय रास्ते में टीकमगढ़ रेलवे लाइन पार करते समय मैमों ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत हो गयी, सूचना पर थाना बार पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस द्वारा जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गये। मृतका के पांच पुत्र दो पुत्री है। निर्भान ने बताया कि वृद्धा अवस्था होने के कारण उसकी माँ को कम दिखाई व कम सुनाई देता रहा है। यही कारण है कि उसकी माँ की ट्रेन दुर्घटना का शिकार हो गयी, जिससे उनकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी।

### ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत, हुई शिनाख्त

ललितपुर। बीते रोज तालबेहट व माताटीला के मध्य बैंगलोर से झांसी जाने के लिये निकले एक यात्री की ट्रेन से गिरकर मौत हो गयी, पुलिस ने मृतक की पहचान मध्यप्रदेश के जनपद शिवपुरी के ग्रात वाघड़ी निवासी हरिओम जाटव के रूप में कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

मंगलवार की सुबह तालबेहट स्टेशन मास्टर ने तालबेहट व माताटीला के बीच एक शव के पड़े होने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही तालबेहट पुलिस मौके पर पहुंच गयी, पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पास मिले 1. आधार कार्ड व मोबाइल नम्बरों के माध्यम से एवं स्थानी थाना पुलिस की सहायता से परिजनों को सूचना दी गयी। जनपद में आये मृतक के परिजनों ने उसकी शिनाख्त मध्यप्रदेश के शिवपुरी के वघाड़ी निवासी हरिओम पुत्र लक्ष्मन जाटव उम्र 21 वर्ष के रूप में करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह बैंगलोर में मजदूरी करता था। वह घर आने के लिये 13 अप्रैल को ट्रेन में सवार हुआ था। परिजनों ने ट्रेन दुर्घटना का शिकार होने से मौत हो जाने की बात कही है। मृतक दो भाई व दो बहन में छोटा था, वह अविवाहित था।

### विधवा महिला ने ससुरालीजनों पर मारपीट कर घर से निकालने के लगाये आरोप

ललितपुर। शहर कोतवाली के ग्राम भरतपुरा में रहने वाली विधवा महिला ने जेठ, सास व ससुर पर मारपीट कर उसका सामान घर से बाहर फेंकर घर से निकालने के आरोप लगाते हुये पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। ग्राम भरतपुरा निवासी रामदेवी पत्नी मुकेश ने पुलिस को बताया कि बीते 15 अप्रैल की सुबह अपने दरबाजे से निकल रही थी। इसी दौरान उसका ससुर, सास व जेठ ने उसके साथ मारपीट कर उसका सामान घर से निकाल कर बाहर फेंक दिया। विरोध करने पर पीड़िता ने उसके हाथ में काट लिया। विधवा महिला ने पुलिस से शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# आईजीआरएस रैकिंग में नहीं आनी चाहिए गिरावट- डीएम

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः आईजीआरएस, कर-करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम से कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के संबंध में कहा कि मार्च माह में जनपद को प्रदेश में 12वां स्थान प्राप्त हुआ, जो संतोषजनक है। इसमें और सुधार करते हुए अप्रैल माह तक टॉप फाइव रैंकिंग में लाएं। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन बिंदुओं पर सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग प्रभावित हुई है, उन बिंदुओं पर में प्रगति कराए, अन्यथा संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि समस्या निस्तारण के समय मौके पर जांच कर ली जाने वाली फोटो को कंप्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से अपलोड करें कराए। कहा कि समस्या निस्तारण के शासन की गाइड लाइन के अनुसार करें। कहा कि एक वर्ष में जिन विभागों को आईजीआरएस में कम रैंकिंग प्राप्त हुई है, उनका विवरण मांगा जा रहा है। अतः गंभीरता के साथ कार्य करें जिससे कि जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे।

इसके बाद डीएम ने कर-करेत्तर के तहत राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति कराना सुनिश्चित करें। कहा कि पोर्टल पर दर्ज धारा 24 के मामलों को निस्तारित करें। इसमें कोई भी मामला लंबित नहीं रहना चाहिए। कहा कि जनपद में गेहूं की कटाई हो गई है। इसलिए सीमांत स्तंभ से पैमाइश लगवाकर करवाए। पैमाईश आख्या के संबंध में कहा कि लेखपाल व कानूनगो की संयुक्त टीम बनाकर पैमाइश कराकर दाखिल करें। आरसी के संबंध में कहा कि चारों तहसीलों में आरसी का मिलान किया जाएगा तथा जो वसूली योग्य है उसकी वसूली करें। कहा कि कोई भी ग्राम पंचायत जीएसटी नंबर के बिना कार्य नहीं करा सकती। कहा कि 328 ग्राम पंचायत में 148 ग्राम पंचायत के पास जीएसटी नंबर है। जिन ग्राम पंचायत के पास जीएसटी नंबर नहीं है, वह तत्काल जीएसटी नंबर के लिए आवेदन कराए। खनिज अधिकारी व एआरटीओ को निर्देशित किया कि जनपद में ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। इसके लिए पुलिस विभाग के साथ संयुक्त टीम बनाकर अभियान चलाकर कार्यवाही करें। आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि मंदाकिनी नदी किनारे नकली शराब बनाने वाले भट्ठियों को तोड़े एवं कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, राजापुर हर्षिता देवड़ा, अपर उपजिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, आलोक कुमार सिंह, आईजी स्टांप रामसुंदर यादव, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, उपायुक्त राज्य कर विक्रम अजीत, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, डिप्टी आरएमओ अविनाश झा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### दुर्घटना का मामला दर्ज

तालबेहट। थाना जखौरा के ग्राम गौरा निवासी सैतान रजक पुत्र निर्पत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 अप्रैल को समय करीब 08.30 बजे रात को मेरा नाती विशाल रजक पुत्र मुलायम अपने दोस्त लव पुत्र सालिकराम निवासी पुराकलां के साथ बाइक क्रमांक यूपी 94 एफ 6854 से ग्राम बौलाई से ग्यांव जा रहे थे। तभी रामलाल के मकान के सामने ग्यांव रोड ग्राम रारा में बाइक क्रमांक यूपी94 एए 6894 के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें उसका नाती और उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### गांजा कारोबारी गिरफ्तार

शिवरामपुर, चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शिवरामपुर चौकी प्रभारी शनि चतुर्वेदी व उनकी टीम आरक्षी विवेक कुमार, दीप प्रताप व आरक्षी चालक विपिन कुमार के साथ आरोपी राजू सिंह उर्फ रज्जू निवासी ग्राम खटेहरा थाना बदौसा जनपद बांदा को एक किलो 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# रानीपुर टाईगर रिजर्व ने चलाया सफाई अभियान

चित्रकूट ब्यूरोः प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कुमार कटियार के निर्देशन में जिला गंगा समिति एवं रानीपुर टाइगर रिजर्व के तत्वाधान में बुधवार को मंदाकिनी नदी के सुंदर घाट शंकर बाजार कर्वी में श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कर्वी रेंज स्टाफ ने स्थानीय लोगों के साथ घाट की सीढ़ियों तथा घाट के कोनों में पड़े कूड़ा-कचरे को एकत्र कर परिसर को स्वच्छ किया। सफाई अभियान के दौरान विकास पथ सेवा संस्थान के डॉ प्रभाकर सिंह ने उपस्थित जन समूह एवं नदी में स्नान करने वाले एवं बच्चों से कहा कि मंदाकिनी नदी हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यावरणीय धरोहर है। इसकी निर्मलता और स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। कहा कि जब हम सभी यह संकल्प लेंगे कि नदी में गंदगी नहीं करेंगे, कूड़ा-कचरा नहीं फेकेंगे और दूसरो को भी ऐसा करने से रोकेंगे तो निश्चित ही हमारी मंदाकिनी फिर से स्वच्छ सुंदर और जीवनदायिनी बन सकेगी। कहा कि जन सहभागिता से ही इस पुनीत लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। सफाई अभियान में जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) गोपाल कृष्ण गुप्ता, प्रकाश श्रीवास्तव, राजू, कर्वी रेंज के स्टाफ बुद्धा सिंह, माता प्रसाद, अभिषेक, उत्तम अग्रहरि, बच्चा निषाद समाजसेवी आदि ने सहयोग दिया।

# मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं : महन्त

## अम्बेडकर पार्क पर माल्यार्पण कर मनायी गयी बाबा साहब की जयन्ती

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

ललितपुर। भारतीय हिन्दू परिषद् के तत्वाधान में बोधिसत्व, विश्वरत्न, संविधान निर्माता, बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के पावन पर्व पर अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम का शुभारंभ बुन्देलखण्ड प्रभारी अशोक स्वर्णकार वालों के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव राकेश यादव ने समाज सेवा से जुड़े रहने का आवाहन किया। इस अवसर पर अशोक स्वर्णकार ने कहा कि मनुष्य के जीवन में मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। समिति के जिला उपाध्यक्ष निगम आनन्द ने इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। समिति के बुन्देलखण्ड अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह ने डा.भीमराव अंबेडकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। युवा जिलाध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी प्रदेश प्रवक्ता सच्चानन्द गोलवानी एवं प्रदेश उपाध्यक्षब्रजेश श्रीवास्तव तथा मातृशक्ति से वंदना तिवारी, जिलाध्यक्ष ने संगठन के महत्व को बताया। अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर अपने अपने श्रध्दा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम का संचालन राकेश यादव ने एवं निगम आनन्द ने उपस्थित समाजसेवी बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

### तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में मंडी समिति चैकी प्रभारी श्यामदेव सिंह तथा उनकी टीम आरक्षी विपिन कुमार, कुलदीप द्विवेदी व विवेक राजा ने आरोपी जगतपाल पटेल निवासी मछरिहा शिवरामपुर कोतवाली कर्वी को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### भीख मांग रहे बच्चे का होगा संरक्षण

चित्रकूट ब्यूरोः जीआरपी प्रभारी अजय भदौरिया एवं उनकी टीम द्वारा बुधवार को कर्वी रेलवे स्टेशन परिसर में भ्रमण के दौरान भीख मांग कर अपना एवं परिवार का भरण पोषण करने के लिए मजबूर किशोर को उसकी देखरेख के लिए बाल संरक्षण को सुपुर्द कर दिया।

# बच्चों ने रैली निकालकर दिया जागरूकता संदेश



पहाड़ी, चित्रकूटः बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़े के तहत ब्लाक मुख्यालय में बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी, कम्पोजिट विद्यालय पहाड़ी व उच्च प्राथमिक विद्यालय इटौरा के विद्यार्थियों ने हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान रैली निकाली। साथ ही ब्लाक सभागार में वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित सेमिनार का भी आयोजन किया गया। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान रैली में निकालकर विद्यार्थियों ने लोगों को भारतीय संविधान की विशेषताएं बताई। इसके बाद ब्लाक सभागार में आयोजित किए गए वाद विवाद प्रतियोगिता सहित अन्य विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संविधान बुक व ड्राइंग बॉक्स देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने कहा कि भारत का संविधान सबका मान, सबका सम्मान है। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि हमें संविधान में निहित मूल्यों पर भरोसा करके खुद पर विश्वास करना चाहिए। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत भूपेन्द्र द्विवेदी, एडीओ कोआपरेटिव मनोज कुमार, वरिष्ठ लिपिक रमेश सिंह, देवशरण, विनोद, राजेश, छोटेलाल, शारदा, भूपेन्द्र, रमेश चन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुधा राठौर, बालकृष्ण, अदिता श्रीवास्तव, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, कमलेश सिंह, सरला सिंह, राजकुमारी आदि मौजूद रहे।

# चौथी पुण्यतिथि पर हुयी श्रद्धांजलि सभा-ग्रामीण अन्चलीय पत्रकार एसोसिएशन ललितपुर की ओर से कीर्तिशेष पं0 सुनील चौबे बुढ़वार पत्रकार को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

ललितपुर। बिछड़ा कुछ इस अदा से कि रूत ही बदल गई, इक शख्स सारे शहर को वीरान कर गया। कदाचित यह पंक्तियां आज उस समय जीवंत हो उठी, जब शहर के प्रमुख समाजसेवियों में अपना कद ऊंचा रखने वाले परोपकारी कीर्तिशेष पं0 सुनील चौबे बुढ़वार की चौथी पुण्यतिथि पर तालाबपुरा स्थित ग्रामीण अन्चलीय पत्रकार एसोसिएशन कार्यालय में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलराम पचौरी की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ग्रामीण अन्चलीय पत्रकार एसोसिएशन शाखा के तत्वाधान में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में एसोसिएशन के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। सर्वप्रथम कीर्तिशेष पं0 सुनील चौबे बुढ़वार के चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की गयी। तदोपरान्त विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे कम उम्र के बुढ़वार गांव से प्रधान बने और लोगों की सेवा में तल्लीन रहे। इसके बाद उन्होंने मुक्ति संस्था के मार्गदर्शक बनकर जिले में मिलने वाले लावारिस शवों का विधिपूर्वक अंतिम संस्कार जैसे पुनीत कार्यों में जुट गये। इसके अलावा पत्रकारिता के क्षेत्र में आकर उन्होंने नये आयाम तय किये। आमजन और प्रशासन-शासन के मध्य सेतू बनने का कार्य करते हुये उन्होंने समाज के निचले, दबे-कुचले और शोषित वर्ग को न्याय दिलाने का कार्य भी बखूबी किया। वक्ताओं ने आगे कहा कि कीर्तिशेष पं0 सुनील चौबे स्वयं न्याय की प्रतिमूर्ति थे। उनके विचार आज भी युवाओं को प्रेरणादायक और पत्रकारिता जगत में प्रासांगिक हैं। इस दौरान प्रदेश सचिव अरविंद कुमार संज्ञा, कार्यवाहक अध्यक्ष प्रमोद गोस्वामी, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय मानव अधिकार सुधार संगठन अशोक स्वर्णकार, रज्जन चतुर्वेदी जिला महामंत्री, अशोक सोनी उपाध्यक्ष, राजेश त्रिपाठी, आशु चतुर्वेदी, विशाल संज्ञा, शिवा गोस्वामी, पंकज रैकवार, लक्ष्मण सिंह बुंदेला, अमित राठौर, अनुराग त्रिपाठी, नन्द किशोर तिवारी, अनिल गिरी, मनीषा गिरी, मोहित तिवारी, ब्रजेन्द्र दुबे, शील चन्द्र जैन, अशोक गुप्ता के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन पंकज रैकवार ने व आभार अरविन्द्र संज्ञा ने व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का प्रस्तावित झुंझुनू दौरा

## जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने तैयारियों के संबंध में ली बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



झुंझुनूं। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 20 और 21 अप्रैल को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर मीणा ने सुरक्षा व्यवस्था एवं सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। गौरतलब है कि 20 अप्रैल को सीएम भजनलाल शर्मा का मंडावा, मुकुंदगढ़, झुंझुनूं व पिलानी में दौरा प्रस्तावित है। वहीं 20 अप्रैल को रात्रि विश्राम पिलानी में करने के बाद 21 अप्रैल को मलसीसर दौरा प्रस्तावित है।

# अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार विरोधी जिला संघर्ष समितिने एसपी शरद चोधरी को सौंपा ज्ञापन



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार विरोधी संघर्ष समिति झुंझुनूं द्वारा जिलाध्यक्ष रामानंद आर्य के नेतृत्व में जिले में हो रहे अत्याचारों के संबंध में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में लिखा कि त्रक्षक्र नंबर 79/2025 पप्पू मीणा गांव जयपुर पुलिस थाना खेतड़ी में रिपोर्ट दर्ज जानबूझकर हत्या कर दी गई जिसकी जांच सी.आई.डी से करवाने की मांग की गई। त्रक्षक्र नंबर 59/2024 सुनील कुमार गांव दौरादास के किशोर कुमार आइटीबीपी के जवान ने अपने वाहन टक्कर मार दी इसके बाद में मृत्यु हो गई , एफ आई आर नंबर 2025 थाना सदर झुंझुनू अजय कुमार गांव नयासर की नामजद भूमाफिया ने जमीन हड़पने के लिए लगातार नशा करवाते रहे और बाद में उसकी हत्या कर दी गई जिसकी निष्पक्ष जांच की जाए। पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा द्वारा विधानसभा प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली रामनवमी के दिन अलवर राम मंदिर में गए थे जिसके जाने के पश्चात ज्ञान देव आहूजा एवं उनके साथ तीन पंडितों ने मंदिर को अपवित्र मानते हुए गंगाजल से धुलवाया । उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक बलवीर सिंह काला , जिला महासचिव विकास आल्हा, जिला कोषाध्यक्ष देवकरण महेरिया, डॉ० कमल मीणा, विकास मेघवाल देरवाला, रामनिवास भूरिया, वीरेन्द्र सिंह मीणा, शीशराम सिलोलिया, धर्मपाल देवठिया, विजय कुमार , नेमीचंद, संतकुमार, एडवोकेट राकेश सबलानिया ,सुरेंद्र सिंह मीणा, कुरड़ाराम मीणा, परमेश्वर, बुलेश कुमार, देवेंद्र ,राहुल,बजरंग लाल, एडवोकेट शिवकुमार,आदि मौजूद रहे।

# खैरथल सहित जिले में चार नए आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्र जल्द होंगे शुरू, आवेदन प्रक्रिया शुरू, लोगों को मिलेगी परेशानी से निजात

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**




खैरथल-तिजारा 16 अप्रैल। उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने बताया कि आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्य को सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा खैरथल-तिजारा क्षेत्र में कुल 05 नए आधार नामांकन/अद्यतन केंद्र स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

यह केंद्र निम्नलिखित स्थानों पर प्रस्तावित हैं:

- कार्यालय नगर परिषद्, खैरथल
- भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, पंचायत समिति मुण्डावर
- कार्यालय तहसील, टपूकड़ा
- कार्यालय नगर पालिका, भिवाड़ी
- कार्यालय बीडा, मिवाड़ी

इन केंद्रों पर आधार से संबंधित सभी कार्य रजिस्ट्रार (सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग) के अधीन नामांकन एजेन्सी, राजकॉम्प इन्फोसिस्टम लिमिटेड के माध्यम से संपन्न कराए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि पात्र आवेदक अपनी रस्ड क्क्र के माध्यम से राज-आधार पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025, शाम 5:00 बजे तक निर्धारित की गई है। आवेदन से पूर्व पात्रता, प्रक्रिया व अन्य शर्तों की पूरी जानकारी के लिए जिले की अधिकारिक वेबसाइट https://khairthalti-jara.rajasthan.gov.in पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

ज्ञात रहे खैरथल मे आधार नामांकन और अपडेट की सुविधा ना होने से किशनगढ़ बास,नूरनगर जाना पड़ता था जिससे समय और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था कई ई-मित्र भी लोगो की मजबूरी का फायदा उठा आधार मे मोबाइल नम्बर अपडेट करने के नाम पर मनमाना पैसा वसूलते रहे है

## जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

खैरथल-तिजारा, 16 अप्रैल। मुख्य सचिव के निदेर्शानुसार जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जिला स्तरीय जनसुनवाई 17 अप्रैल गुरूवार को जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा के वीसी कक्ष में रखी गई है। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

# उदयपुर में भाजपा नेता सतीश पूनिया ने निभाई मायरे की रस्म, गीत गाकर वर-वधू को दिया आशीर्वाद

उदयपुर। भाजपा नेता सतीश पूनिया ने कहा कि सामाजिक और पारिवारिक संस्कार ही भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं और ऐसे अवसरों पर इन मूल्यों को सहेजना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मुंदड़ा परिवार की समाजसेवा, संगठन के प्रति सक्रियता और पारिवारिक मूल्यों के पालन की सराहना की।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया बुधवार को उदयपुर पहुंचे, जहां उन्होंने एक पारिवारिक समारोह में आत्मीय रूप से हिस्सा लिया। यह आयोजन भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अलका मुंदड़ा और वरिष्ठ समाजसेवी सुशील मुंदड़ा के बेटे के विवाह के उपलक्ष्य में रखा गया था, जिसमें डॉ. पूनिया ने पूरी भारतीय परंपरा के साथ मायरे की रस्म निभाई और वर-वधू को अपना आशीर्वाद दिया।

समारोह में डॉ. सतीश पूनिया ने न केवल मेहमानों से आत्मीय मुलाकात की, बल्कि पारंपरिक गीत-संगीत का भी आनंद उठाया। उन्होंने फूलों का तारों का सबका कहना है गीत गाया और फूलों का चमकता गहना हो गाने पर मंच पर ठुमके भी लगाए। डॉ. पूनिया का यह अंदाज कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के लिए बेहद यादगार बन गया।

डॉ. पूनिया ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक और पारिवारिक संस्कार ही भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं और ऐसे अवसरों पर इन मूल्यों को सहेजना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मुंदड़ा परिवार की समाजसेवा, संगठन के प्रति सक्रियता और पारिवारिक मूल्यों के पालन की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सदैव ऐसे संस्कारों को जीते हैं और आगे बढ़ाते हैं।

इस विवाह समारोह में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी और विभिन्न वर्गों के लोग मौजूद रहे।

# मंडावरा में गुल्ली जोड़ी बालाजी महाराज का भरा मेला

## मेले में दूर धारा से आए हुए श्रद्धालुओं ने लगाई धूप मांगी मन्नत

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



झुंझुनूं। उदयपुरवाटी उपखंड क्षेत्र के मंडावरा में स्थित गुल्ली जोड़ी वाले बालाजी महाराज का वार्षिक मेला बड़ी धूमधाम आयोजित हुआ ' मिली जानकारी के अनुसार मेले में बालाजी महाराज की शोभायात्रा व रात्रि जागरण का आयोजन किया गया मेले में दूर दराज से आए हुए यात्रियों ने बालाजी महाराज के धोक लगाई ' महिलाओं में पुरुषों ने जमकर खरीदारी की मेले में विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन भी हुआ जिसमें महिला एवं पुरुष पहलवानों ने कुश्ती दंगल में दमखम दिखाया 'जिसमें हरियाणा पंजाब दिल्ली आदि के पहलवानों ने भाग लिया ' इस दौरान सरपंच ग्यारसी लाल, राकेश शर्मा, नरोत्तम शर्मा, अरुण शर्मा,महेंद्र शाह राजेंद्र प्रधान, राम सिंह,जगदीश सिंह, रामस्वरूप दयाल जी उपसरपंच आदि का सहयोग सराहनीय रहा'

# सैनिक कल्याण अधिकारी के संयोजकत्व में आयोजित भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन आयोजित



मैनपुरी- श्री देवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी में सैनिक कल्याण अधिकारी के संयोजकत्व में आयोजित भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने वीर नारियों, युद्ध में हुए विकलांग व अलंकृत पूर्व सैनिकों को सम्मानित, कारगिल पेंशन लाभार्थियों को चेक प्रदान किये, जिलाधिकारी ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में अनगिनत वीर सपूतों ने अपना सर्वत्र न्यौछावर कर हमें आजादी दिलायी, इस आजादी को अक्षुण रखने, देश की सरहदों की रक्षा करने में आज भी हमारे वीर सैनिक दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, वीर सैनिकों की बदौलत ही हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं का पुनर्मिलन समारोह में पूर्व सैनिकों के आश्रितों के कल्याणार्थ केन्द्र, राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी एवं सैनिक स्कूल के बच्चों द्वारा देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, कारगिल पेंशन लाभार्थी सुमन यादव, मंजू यादव, वेद राम, रामश्री आदि को चेक प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि कमान्डेट राजपूत रेजीमेंट सेंटर फतेहगढ़ कर्नल रोहित पंथ, पंथ, ग्रुप कैप्टन आर. के. शर्मा, ले. कर्नल सतेन्द्र सिंह चौहान, सुरेश चन्द्र यादव, कमाण्डर नवीन लीडर विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सड़क चौड़ीकरण के चलते अगले दो माह तक गढ़ रोड पर ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। गढ़ रोड़ मेरठ आबू नाले पर क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण कार्य एवं सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते अगले दो माह तक गढ़ रोड़ पर यातायात डायवर्ट रहेगा। डायवर्सन प्लान इस प्रकार लागू रहेगा

1. सोहराब गेट बस डिपो में आने/जाने वाली बसें(हापुड, बुलन्दशहर, गढमुक्तेश्वर, मुरादाबाद से आने/जाने वाली बसें) हापुड अड्डा चौराहा से एल-ब्लॉक तिराहा से होते हुए तेजगढी चौराहा से गढमुक्तेश्वर की ओर जा सकेंगे एवं एल-ब्लॉक तिराहा से सीधे बिजली बम्बा चौराहा से हापुड की ओर जा सकेंगी।
2. सभी प्रकार के भारी वाहन तेजगढी चौराहा से हापुड अडडा चौराहा के मध्य प्रतिबन्धित रहेंगे। यह सभी भारी वाहन तेजगढी-एल-ब्लॉक तिराहा-हापुड अडडा चौराहा से होकर आ एवं जा सकेंगे।
3. तेजगढी चौराहा की ओर से सभी प्रकार के हल्के वाहन (दो पहिया एवं चार पहिया) हापुड़ अड्डा चौराहा की ओर जा सकेंगे।
4. हापुड अड्डा चौराहे की ओर से जाने वाले सभी प्रकार के हल्के वाहन गांधी आश्रम चौराहा से आगे लोकप्रिय हॉस्पिटल कट से बायें मुडकर आबू नाले की पटरी से दाहिनें मुडकर सीधे तेजगढी चौराहा की ओर जा सकेंगे।

# चिकित्सकों के लिए सरकारी पोर्टल से लिंक क्यूआर कोड अनिवार्य किया जाए : विपुल सिंघल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। प्रमुख व्यवसाय एवं सामाजिक कार्यकर्ता विपुल सिंगल ने मेरठ हापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरुण गोविल को एक प्रस्ताव देकर मांग की है कि चिकित्सकों के लिए सरकारी पोर्टल से लिंक कर कोड अनिवार्य कया जाएझो। उनका कहना है कि झोलाछाप डॉक्टरों और अयोग्य चिकित्सकों द्वारा मरीजों के साथ धोखाधड़ी की घटनाएँ बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता की सेहत खतरे में पड़ रही है। इससे आमजन को बचाने के लिए सभी चिकित्सकों (एलोपैथ, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी आदि) के लिए सरकारी सत्यापित क्यूआर कोड अनिवार्य किया जाए, जो उनके पंजीकरण, शैक्षणिक योग्यता और अन्य विवरणों से जुड़ा हो। यह क्यू आर कोड चिकित्सक की ओ पी डी के बाहर, परामर्श के पर्चे पर अनिवार्य हो। इस कोड को स्कैन करके कोई भी मरीज या आम नागरिक डॉक्टर का पूरा नाम व फोटो , शैक्षणिक योग्यता (डिग्री, कॉलेज/विश्वविद्यालय) , वर्ष व प्रतिशत/डिवीजन (पासिंग विवरण) राज्य/राष्ट्रीय मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण संख्या, विशेषज्ञता (यदि कोई हो) , वर्तमान क्लिनिक/अस्पताल का पता, किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई का रिकॉर्ड आदि का पता लग सके। इससे न केवल नकली डॉक्टरों पर रोक लगाई जा सकती है बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

## सनातनी हिन्दू आज प्रदर्शन करेंगे, देंगे ज्ञापन

बरेली। वक्फ संशोधन कानून के विरोध के नाम पर पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर किए जा रहे हमलों के विरोध में नाथ नगरी सुरक्षा समूह के बैनर तले कल गुरुवार को हिन्दू संगठनों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए नाथ नगरी सुरक्षा समूह के महानगर संयोजक दुर्गेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार हिंदुओं को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। वहां से कानून का शासन पूरी तरह समाप्त हो गया है इसलिए पश्चिम बंगाल में धारा 356 का प्रयोग करते हुए तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए। पश्चिम बंगाल में कट्टरपंथी मुसलमान द्वारा हिंदुओं पर किए जा रहे हम लोगों के विरोध में नाथ नगरी सुरक्षा समूह के तत्वावधान में होने वाले विरोध प्रदर्शन की पत्रकारों को जानकारी देते उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल मुस्लिम कट्टरपंथियों की एक प्रयोगशाला बन गया है।

## 12 टीमों के साथ श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूनार्मेंट का आगाज

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) में बुधवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूनामेंट का शानदार आगाज हुआ। बरेली फुटबॉल संघ से मान्यता प्राप्त इस टूनामेंट में खिलाड़ियों के बीच एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बरेली फुटबाल संघ के अध्यक्ष अमर सिंह बख्शी, सचिव मून राबिंसन और उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया, टूनामेंट की आयोजन समिति के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा.सोवन मोहंती, नितिन सक्सेना, शंकरपाल के साथ टूनामेंट की ट्राफी का अनावरण किया। सभी ने खिलाड़ियों का परिचय हासिल कर टूनामेंट में खेलने वाली सभी 12 टीमों के खिलाड़ियों को बधाई दी। अमर सिंह बख्शी ने टूनामेंट को फुटबाल खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच बताया। कहा कि ऐसे टूनामेंट से फुटबाल की ओर भी बच्चों का रुझान बढ़ेगा और इस खेल में भी अच्छे खिलाड़ी निकल कर सामने आएंगे। आदित्य मूर्ति ने कहा कि एसआरएमएस ट्रस्ट अपनी स्थापना से ही सभी खेलों को बढ़ावा देता आ रहा है। इसीलिए यहां पर आल इंडिया टेबल टेनिस चैंपियनशिप, बैडमिंटन चैंपियनशिप, क्रिकेट चैंपियनशिप, शतरंज चैंपियनशिप और फुटबाल चैंपियनशिप आयोजित की जाती रही हैं। उम्मीद है कि श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूनामेंट से भी इस खेल के प्रति खिलाड़ियों में एक सकारात्मक माहौल बनेगा और यहां से निकल कर कर खिलाड़ी प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने साथ बरेली का मान बढ़ाएंगे।

## सीडीपीओ पर रिश्वत लेने का आरोप

बरेली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती शुरू से ही संदेह की घेरे में रही है। अब सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना अधिकारी) के रुपये लेते हुए वीडियो वायरल हुआ है। ऐसे में विभाग के निष्पक्ष भर्ती के दावे पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं अधिकारी एक-दूसरे को बचाने में लगे हुए हैं। शासन के निर्देश पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पदों के लिए भर्ती की गई थी, लेकिन जिले में तैनात अधिकारी व कर्मचारियों ने अपनी मनमानी करते हुए अभ्यर्थियों से जमकर उगाही की। आवेदनकताओं को आरोप है कि जिस अभ्यर्थी ने ज्यादा रुपये दिए, उसका चयन मानकों को दरकिनारे करते हुए कर लिया गया। इसको लेकर बीडीओ, विभागीय अधिकारी, सीडीओ, डीएम तक से शिकायत की गई, लेकिन विभागीय अधिकरियों ने उच्चाधिकरियों को गुमराह करते हुए भर्ती को निष्पक्ष होना बताया और अपनी रिपोर्ट दी। जिसके बाद में मामला धीरे-धीरे शांत होने लगा लेकिन आज रिश्वत लेते हुए हैं सीडीपीओ का वीडियो वायरल होने पर मामला दोबारा गरमा गया है अब देखना है स्थानीय जिला प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है !

# अव्यवस्थाओं के बीच चल रहे गेहूं खरीद केंद्र में फजीवाड़ा, केंद्र प्रभारी पर एफआईआर

**एनपीटी ब्यूरो**




बरेली। नवाबगंज के कचनारी गौंटिया गेहूं क्रय केंद्र पर बीते दिवस डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय ने छापा मारा। इस दौरान केंद्र प्रभारी अर्जुन आर्य गायब मिले। केंद्र पर गंदगी थी और किसानों के बैठने का इंतजाम भी नहीं था।\ प्रभारी ने ऑनलाइन फर्जी खरीद भी दिखा रखी थी। डिप्टी आरएमओ के निर्देश पर क्षेत्रीय विपणन अधिकारी (एमओ) कृष्णदास ने केंद्र प्रभारी के खिलाफ थाना नवाबगंज में एफआईआर दर्ज कराई है। पिछले सप्ताह समीक्षा के दौरान डीएम रवींद्र कुमार ने केंद्रों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे।

डिप्टी आरएमओ के मुताबिक टीम के साथ उन्होंने जब केंद्र का औचक निरीक्षण किया तो केंद्र प्रभारी गैरहाजिर थे और वहां किसानों के बैठने का इंतजाम तक नहीं था। पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं थी। केंद्र प्रभारी ने पांच क्विंटल गेहूं की फर्जी खरीद कर ऑनलाइन फीडिंग भी कर दी, जबकि मौके पर गेहूं नहीं मिला। केंद्र के बाहर शेड में गोबर के उपले मिले और कहीं भी साफ-सफाई नहीं दिखी।

# किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता: डीएम

## डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन, दिया समाधान का आश्वासन





**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि निस्तारण में लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

बुधवार को आयोजित किसान दिवस में किसानों ने अपनी समस्याएं डीएम के समक्ष रखी।राजन जावला निवासी रामपुर खेड़ी द्वारा बताया गया कि ग्राम डागरौड़ में पानी की टंकी खराब है इसे ठीक कराने की मांग की गयी एवं गौशालाओ में पशुओं के लिये प्रयाप्त छाया की व्यवस्था की जायें। श्री कुलदीप पवांर,निवासी नाला द्वारा शामली शुगर मिल के ग्राउन्ड में गन्ने की खोई पड़ी हुई है जो हवा चलने पर आस-पास के घरों में जाती है जिसे ढकने की व्यवस्था की जायें। श्रीमति कविता चौधरी निवासी पिण्डौरा द्वारा बताया गया कि ग्राम भभीसा से ग्राम डागरौड़ का रास्ता पर अतिक्रमण किया जा रहा है जिसे अतिक्रमण मुक्त कराया जायें। श्री विदेश मलिक निवासी चूनसा द्वारा बताया गया कि यूरिया बैग उठाने में हुक का प्रयोग किया जा रहा हैं जिससे यूरिया की मात्रा कम हो जाती है यूरिया बैग उठाने में हुक का प्रयोग न किया जायें। मैनपाल चौहान निवासी जसाला द्वारा बताया गया कि जलालाबाद टोल प्लाजा पर अभी रोड़ का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है ओर टोल की वसूली की जा रही है। इस पर रोक लगाने की मांग की गयी। कालेन्द्र मलिक निवासी करौदा हाथी द्वारा थानाभवन गन्ना मिल का भुगतान कराने की मांग की गयी एवं तिलहन व दलहन खरीद केन्द्र की मांग की गयी। शान्ता प्रधान जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन द्वारा बताया गया कि गोहरनी,बलवा बाईपास ओर बधैव बाईपास पर आय दिनो दुर्घटना होती रहती है जिस पर ट्रफिक पुलिस की व्यवस्था की जाये और बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा गलत समय पर छापे मारी न की जायें। दुष्यन्त मलिक कुड़ाना द्वारा बताया गया कि हमारे क्षेत्र में अवैध खनन किया जा रहा है जिस पर रोक लगाने की मांग की गयी। किसान दिवस में प्रमोद कुमार उप कृषि निदेशक शामली, प्रदीप कुमार जिला कृषि अधिकारी शामली ,डा एसपी सिंह उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी शामली, आरएस कुशवाह जिला गन्ना अधिकारी शामली मौजूद रहे।

### भाकियू अराजनैतिक ने उठाई कई समस्याएं

शामली। बुधवार को आयोजित किसान दिवस में भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष कालेन्द्र मलिक ने किसानों की विभिन्न समस्याओं जिनमें किसानों का गन्ना भुगतान जल्द कराने, समय पर भुगतान न होने पर किसानों को ब्याज देने, बजाज शुगर मिल की चीनी बिक्री का कोटा अधिक जारी कर भुगतान कराने, पशुओं के बांझपन, नस्ल संवर्धन पर कार्य करने, राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौराहों के गलत डिजाइन के कारण होने वाले हादसों को रोकने के लिए चौराहों पर पुल एवं अंडरपास का निर्माण करने, झिंझाना क्षेत्र में धान की मंडी का निर्माण कराने, जनपद में गन्ना में रेड रोट, टॉप बोरर, पायरिला आदि बीमारियों से निपटने के लिए गन्ना विभाग की सक्रियता बढाने, गर्मी के कारण बिजली के ट्रांसफार्मर से तेल लीक होने के कारण ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, शिकायत के बाद भी विभाग रूचि नहीं ले रहा है।

# नगर पंचायत द्वारा बिना अनुमति के यात्री प्रतीक्षालय का अवैध निर्माण पर स्वास्थ्य विभाग ने की शिकायत



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**झिंझाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर नगर पंचायत द्वारा बिना अनुमति के यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कराए जाने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एसडीएम ऊन को शिकायती पत्र देकर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की थी, जिस पर तहसील प्रशासन के साथ लोकनिर्माण विभाग ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया।

बुधवार की सुबह ऊन रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट के बाहर नगर पंचायत द्वारा यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाने के लिए बुनियाद खोदी गई थी। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर तरुण ने मामले की जानकारी अपने आला अधिकारियों को दी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के आदेश पर चिकत्सा प्रभारी डॉक्टर तरुण ने एक शिकायती पत्र एसडीएम ऊन को देते हुए अवैध निर्माण कार्य को रुकवाने की मांग की। सूचना पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा ऊन तहसील प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे तथा मामले में छानबीन करते हुए निर्माण कार्य को बंद करा दिया। बता दें कि अस्पताल के अंदर कोई पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण इसी जगह मरीज के साथ आए तीमारदारों के वाहन तथा एंबुलेंस आदि वाहन खड़े होते हैं। इस संबंध में डॉक्टर तरुण चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को निर्माण कार्य की कोई जानकारी नहीं थी तथा निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने बताया कि सीएचसी के बाहर यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया जा रहा था, जिसकी एनओसी के लिए अप्लाई किया हुआ। एनओसी आने के बाद निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### पुलिसकर्मी पर लगाये गम्भीर आरोप,दी तहरीर

कैराना। जनपद बागपत के थाना बड़ौत क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कैराना कोतवाली में तहरीर दी हैं। आरोप हैं कि कस्बा कैराना के एक मौहल्ला निवासी उत्तर प्रदेश पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात युवक के साथ उसने अपनी पुत्री की सगाई की थी। जिसके बाद पुलिसकर्मी ने उसकी पुत्री के साथ फोन पर बात करनी शुरू कर दी। करीब चार माह पूर्व पुलिसकर्मी ने उसकी पुत्री को एक होटल में मिलने बुलाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएं। आज 17 अप्रैल को उक्त पुलिसकर्मी के साथ उसकी पुत्री की शादी होनी थी। लेकिन शादी से दो दिन पूर्व ही उक्त पुलिसकर्मी और उसके परिजनों ने अतरिक्त दहेज की मांग करते बारात लेकर आने से इंकार कर दिया। जिसको लेकर युवती के परिजन कैराना कोतवाली आये और उक्त पुलिसकर्मी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए तहरीर दी हैं। उन्होंने तहरीर देते हुए बताया है कि सगाई में उनका करीब तीन लाख रुपये का खर्च हुआ हैं। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षेप समाचार :

### न्यायालय ने चोरी के मामले में दो को दोषी ठहराया

कैराना : न्यायालय ने चोरी के मामले में दो आरोपियो को कारावास की सजा सुनाई। वही दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। वर्ष 2002 में अमीर अब्बास पुत्र फैय्याज निवासी मौ0 इमामबाडा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर व शाहनवाज उर्फ डाक्टर पुत्र अब्बास निवासी बघरा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर के खिलाफ कोतवाली शामली में चोरी व बरामदगी के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय आरोपियो को एक एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर सात- सात दिवस के कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है ।

### भवन को जर्जर घोषित कर नीलामी का आरोप

शामली। बुधवार को समिति के संयोजक शेरसिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में डीएम को संबोधित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वर्ष 1978-79 में गांव सींगरा में बावरिया समाज के लोगों ने चंदा एकत्र कर एक भवन बनाया था जिसमें 3 कमरे, बरामद, स्टोर व रसोई का निर्माण कराया गया था। उक्त भवन को तत्कालीन अधिकारियों द्वारा बावरिया समाज के बच्चों की शिक्षा के लिए राजकीय संपत्ति खसरा नंबर 18 पर स्थापित कराया गया था जिसमें समय-समय पर तत्कालीन डीएम, एसपी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आयोजन भी किए गए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि 2022-23 में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उक्त भवन के आसपास की संपत्ति पर जूनियर हाईस्कूल की स्थापना की लेकिन स्कूल की चारदीवारी कराते समय बावरिया समाज के भवन को भी चारदीवारी के अंदर ले लिया गया तथा समाज की सहमति के बिना उक्त भवन को जर्जर घोषित कर जाली, फर्जी व अविधिक तरीके से बिना किसी अधिकार व किसी आदेश के भवन की नीलामी भी कर दी गयी।

# युवक की आंख फोड़ने के आरोप में दो सगे भाई गिरफ्तार, जेल रवाना

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** दो दिन पूर्व ईंट से प्रहार करके युवक की आंख फोड़ने के मामले में वांछित चल रहे दो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। क्षेत्र के गांव मवी निवासी रमेश ने कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि विगत शनिवार को उसका पुत्र गुरदीप दुकान से कोल्डड्रिंक खरीदकर घर वापिस आ रहा था। इसी दौरान गांव के ही वसीम व उसके भाई शमीम तथा एक अज्ञात युवक ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट की। आरोप है कि अज्ञात युवक ने उसके पुत्र के हाथ पकड़ लिए तथा वसीम ने ईंट उठाकर उसकी आंख पर प्रहार कर दिया। आरोपी के हमले में उसके पुत्र की आंख लहूलुहान हो गई और वह बेहोश होकर गिर गया। उसके पुत्र का पानीपत के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं, एसपी शामली रामसेवक गौतम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को मामले में शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में बुधवार को कोतवाली पुलिस ने मामले में नामजद कराए गए दोनों भाइयों नसीम उर्फ वसीम व शमीम को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# तीन दिन बीतने के बाद भी अस्पताल संचालक नही दिखा सका कागजात, कार्यवाही की तलवार लटकी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** नीजि अस्पताल मे लगी आग के कारणों का पता नही लग सका। वही तीन दिन बीतने के बाद भी संचालक पुलिस को अस्पताल के रजिस्ट्रेशन के कागजात नही दे सका। साथ ही पुलिस ने अस्पताल संचालक से फायर सेफ्टी पंजीकरण के कागजातो की भी मांग की है। वही पुलिस ने भविष्य की समस्याओं और सम्भावित हादसो को देखते हुये सभी अन्य संचालको से भी पंजीकृरण कराने व किए हुये पंजीकरण की मांग की है। बीते रविवार की रात्रि मे एक फार्मासिस्ट द्वारा संचालित अस्पताल में अज्ञात कारणो के चलते आग लग गई थी और चिकित्सकीय सुविधा को लगी करीब 25 लाख की मशीन जल गई थी। फार्मासिस्ट ने ही पुलिस को शिकायतीपत्र देकर जानकारी दी थी। जिस पर पुलिस ने संचालक ने अस्पताल के पंजीकरण के कागजातो की मांग की थी और फायर सेफ्टी के नियमो के अनदेखा करना का जवाब मांगा था। जिसके लिये संचालक को तीन दिनों का समय दिया था। पुलिस ने इसके साथ चौसाना मे संचालिक सभी अस्पतालो से कागजात दिखाने की मांग की थी। तीन दिन बीतने के बाद भी संचालक ने कोई कागजात प्रस्तुत नही किए है।जिसके बाद पुलिस का मानना है कि अगर कागजात नही दिखाये जायेगे तो हम फायर व स्वास्थ्य विभाग को हादसे के सम्बंध मे रिपोर्ट देगे ताकि भविष्य मे किसी तरह की जनहानि ना हो सके।

# मन्नामाजरा फायरिंग प्रकरण के दो आरोपियों ने कोर्ट में किया सरेंडर

कैराना। मन्नामाजरा फायरिंग प्रकरण के दो आरोपियों ने पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है, जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। वहीं, सरेंडर करने वाले आरोपियों में एक आरोपी दूसरे गुट का सरदार जावेद उर्फ भाटी बताया गया है, जबकि पहले गुट के सरदार याहया उर्फ याहिया को पुलिस एक दिन पूर्व गिरफ्तार कर चुकी है।

विगत एक अप्रैल को क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा में कैराना के दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था, जिसमें ग्राम मन्नामाजरा निवासी राकिब, ग्राम जहानपुरा निवासी रिजवान उर्फ चीमा व कैराना के मोहल्ला आलकलां निवासी परवेज उर्फ भाटी घायल हो गए थे। इनमें राकिब व रिजवान उर्फ चीमा के पैर में गोली लगी थी, जबकि परवेज उर्फ भाटी सिर में ईंट लगने से घायल हो गया था। ताबड़तोड़ फायरिंग से गांव में दहशत व्याप्त हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही तत्कालीन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल की थी। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए थे। मामले में पुलिस ने दोनों गुटों के 17 नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। बुधवार को मामले में नामजद जावेद उर्फ भाटी निवासी मोहल्ला आलकलां कस्बा कैराना व जावेद निवासी ग्राम जहानपुरा ने पुलिस को चकमा देते हुए न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय ने आत्मसमर्पण करने वाले दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया है। कोर्ट में सरेंडर करने वाला आरोपी जावेद उर्फ भाटी दूसरे गुट का सरदार है, जबकि एक गुट के सरदार याहया उर्फ याहिया निवासी मोहल्ला आलखुर्द भूरा चुंगी कस्बा कैराना को पुलिस मंगलवार को गिरफ्तार करके जेल रवाना कर चुकी है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि मन्नामाजरा फायरिंग प्रकरण के दो आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर किया है। पूर्व में पांच आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

### शामली डिस्टलरी को लीज पर दी गयी भूमि को मुक्त कराने की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** बुधवार को नगर पालिका के वार्ड सभासदों निशिकांत संगल, अनिल कुमार उपाध्याय ने एडीएम न्यायिक को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मौहल्ला दयानंदनगर स्थित राज्य सरकार की 19 एकड भूमि जो 2 सितम्बर 1950 को नियमों एवं शर्तों के आधार पर सर शादीलाल एंटरप्राइजेज लिमिटेड शामली को उसकी ब्रांच शामली डिस्टलरी एंड कैमिकल वर्क्स से निकलने वाले पानी को सोखने के उपयोग के लिए लीज पर दी गयी थी लेकिन राज्य सरकार की कई अरबों रुपयों की भूमि का उपयोग उस कार्य के लिए नहीं किया जा रहा है बल्कि नगर के बीच भरी आबादी में स्थित उक्त भूमि का प्रयोग मिल से निकलने वाली काली राख, मैली, खोई, भूसी, जहरीले पदार्थ डालने के लिए किया जा रहा है जिस कारण आसपास रहने वाले लोगों में श्वांस, दमा, फेफडा रोग, काला पीलिया आदि बीमारियां फैल रही है। यह काम शुगर मिल द्वारा सालों से किया जा रहा है। उन्होंने एडीएम न्यायिक से मामले का संज्ञान लेते हुए भूमि पर डाली जाने वाली गंदगी को बंद कराकर भूमि को मुक्त कराकर राज्य सरकार को वापस कराने की संस्तुति करने की मांग की।

# एडी व जेडी हैल्थ मेरठ ने किया जिला संयुक्त चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

## चिकित्सकों को समय से कक्षों में बैठकर मरीजों का उपचार करने के निर्देश



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** एडी हैल्थ मेरठ डा. सीमा अग्रवाल व जेडी मेरठ डा. अशोक तालियान ने बुधवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों को समय से अपने कक्षों में बैठकर मरीजों के उपचार करने के भी निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार बुधवार को एडी हैल्थ सीमा अग्रवाल व जेडी मेरठ डा. अशोक तालियान ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने अस्पताल में साफ सफाई सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया तथा दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को समय से अपने कक्षों में बैठकर मरीजों की जांच कर उनका उपचार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने गर्मी के मौसम को देखते हुए अलग से वार्ड तैयार करने को कहा ताकि मरीजों को परेशानियों का सामना न करना पडे, अस्पताल में बिजली व पानी की भी उचित व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए। इस मौके पर अस्पताल के चिकित्सक व अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### भाकियू अराजनैतिक ने किसान दिवस में उठाई कई समस्याएं

शामली। बुधवार को आयोजित किसान दिवस में भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष कालेन्द्र मलिक ने किसानों की विभिन्न समस्याओं जिनमें किसानों का गन्ना भुगतान जल्द कराने, समय पर भुगतान न होने पर किसानों को ब्याज देने, बजाज शुगर मिल की चीनी बिक्री का कोटा अधिक जारी कर भुगतान कराने, पशुओं के बांझपन, नस्ल संवर्धन पर कार्य करने, राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौराहों के गलत डिजाइन के कारण होने वाले हादसों को रोकने के लिए चौराहों पर पुल एवं अंडरपास का निर्माण करने, झिंझाना क्षेत्र में धान की मंडी का निर्माण कराने, ट्रांसफार्मर से तेल लीक होने के कारण ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

### सरस्वती बालिका विद्या मंदिर से निकाली गयी प्रभातफेरी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभातफेरी में छात्राओं ने हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान सहित कई नारे भी लगाए। जानकारी के अनुसार बुधवार को कालेज में भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के 15 दिवसीय कार्यक्रम के तहत झंडे के साथ प्रभातफेरी निकाली गयी। प्रभातफेरी को प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# महिला आयोग की सदस्या ने की महिला से जुडे प्रकरणों की सुनवाई

## कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन, महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाएं अधिकारी : हिमानी अग्रवाल





**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या हिमानी अग्रवाल ने बुधवार को महिला उत्पीडन से जुडे मामले की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के भी निर्देश दिए।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महिलाओं से जुडे प्रकरणों की सुनवाई करते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्या हिमानी अग्रवाल ने प्रकरणों में निस्तारण कराने के निर्देश दिए ताकि पीडित महिलाओं को बार-बार चक्कर न काटने पड़े। आयोग सदस्या के समक्ष मुख्य रूप से बुजुर्ग महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा, प्रोपर्टी विवाद, पेंशन, राशन, दहेज आदि से संबंधित कुल 28 प्रकरण आए जिनमें आयोग सदस्या ने अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की सूची बनाकर संबंधित अधिकारियों से निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम विनय प्रताप सिंह भदौरिया, एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, सीओ शामली, महिला थाना प्रभारी निधि चौधरी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के बाद आयोग सदस्या ने वन स्टाप सेंटर बनत का निरीक्षण करते हुए वहां पर दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कस्तूरबा बांधी बालिका आवासीय विद्यालय बनत का भी निरीक्षण किया जहां उन्होंने मिड डे मील की जांच की। उन्होंने कक्षा 6 का भी निरीक्षण किया जहां छात्राओं से कंप्यूटर से संबंधित प्रश्न भी पूछे तथा मेहनत व लगन से पढाई करने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम न्यायिक जिला प्रोबेशन अधिकारी हामिद हुसैन, महिला थाना प्रभारी निधि चौधरी, खंड शिक्षा अधिकारी शामली प्रिंसी चौधरी, वन स्टाप केन्द्र प्रभारी गजाला त्यागी आदि भी मौजूद रहे।

### आयोग सदस्या के समक्ष महिलाओं ने सुनाई पीड़ा

**शामली।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोग सदस्या हिमानी अग्रवाल के समक्ष पीडित महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याएं बतायी। कांधला के गांव इस्सोपुर टील निवासी सोनिया ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी 13 साल पूर्व राधेश्याम के साथ हुई थी। उसका पति पशुपालन विभाग में तैनात है। उसके ससुरालिये आए दिन उसे परेशान करते हैं, उसने न्यायालय में वाद भी दायर कर रखा है। उसका पति पिछले एक साल से खर्च नहीं दे रहा है। आयोग सदस्या ने महिला थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं बुटराडा निवासी विमला ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके पुत्र व पुत्रवधू ने उसकी सात बीघा भूमि अपने नाम करा ली है। उसका पुत्र पिस्टल दिखाकर बाकी की जमीन भी नाम कराने की धमकी देता है। पीडिता की शिकायत पर आयोग सदस्या ने बाबरी पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कैराना निवासी समां ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका पति व ससुरालिये कार न मिलने पर उसका उत्पीडन कर रहे हैं तथा उसकी हत्या का भी प्रयास किया, इसके बाद वे अपने मायके में रह रही है। वहीं मौहल्ला शांतिनगर निवासी मानवी सैनी ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसने नितिन धीमान के साथ कोर्ट मैरिज की थी, परिवारों की सहमति न होने के कारण वे बडौत में किराये पर कमरा लेकर रहने लगे। उसका पति तीन दिन उसके पास और तीन दिन अपने घर रहता था। धीरे-धीरे पति ने उसे खर्च देना बंद कर दिया तथा मारपीट शुरू कर दी। पति अब उसके साथ नहीं रहता और फोन भी बंद कर लिया। जब उसने शामली आकर पति के साथ ससुरालियो से पूछा तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। आयोग सदस्या ने इस मामले में भी कार्रवाई के निर्देश दिए।

# चौसाना बाइपास पर अवैध ओवरलोडिंग से जाम का कहर



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** चौसाना बाइपास इन दिनों भारी ट्रैफिक जाम और प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन गया है। भुस से लदे अवैध और ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं, जिससे रोजाना घंटों लंबा ट्रैफिक जाम लग रहा है। आलम यह है कि राहगीरों और स्थानीय निवासियों को दिन में कई-कई घंटे तक फंसे रहना पड़ता है, लेकिन प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है।

हर रोज सुबह से शाम तक इस मार्ग पर ट्रैफिक की लंबी लाइनें लगी रहती हैं। भुस से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली न केवल ओवरलोड होती हैं, बल्कि बिना किसी नियम के चलती हैं। इस वजह से जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चे, ऑफिस जाने वाले कर्मचारी और आपातकालीन सेवाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का गुस्सा अब फूटने लगा है। गांव चौसाना निवासी सद्दाम, हसन राणा, खालिद और सतीश ने बताया कि यहां कोई कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है। "हम रोजाना इस जाम से परेशान हो चुके हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस और प्रशासन सिर्फ आंखों पर पट्टी बांधे बैठे हैं," उन्होंने आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रैक्टर ट्रॉली संचालकों और पुलिस प्रशासन के बीच मिलीभगत है, तभी तो ये ओवरलोड वाहन खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए चलते हैं। न तो इनका कोई चालान होता है, न ही इन पर कोई कार्रवाई होती है। जब ग्रामीणों ने खुद ही ट्रैफिक नियंत्रित करने की कोशिश की, तो ट्रॉली चालकों ने उल्टा धमकाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोग प्रशासन से इस समस्या का तुरंत संज्ञान लेने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो वे चक्का जाम कर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पहुंचे आईजी समेत डीसी- एसपी

## पीड़ितों की शिकायतों से हुए रूबरू, किया ऑन द स्पॉट निष्पादन

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पुलिस- पब्लिक के दरमियान फासले न रहे के ध्यानार्थ झारखण्ड डीजीपी अनुराग गुप्ता के निदेर्शानुसार बुधवार को ससमय- अवधि में ही पाकुड़ नगर थाना/ महेशपुर थाना/ लिट्टीपाड़ा थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही संथाल परगना क्षेत्र, दुमका के पुलिस उप- महानिरीक्षक अम्बर लकड़ा के समक्ष शिकायतकताओं/ पीड़ितों के द्वारा अपनी समस्याओं को पेश किया गया। जिसमें कई मामले यानी मिले शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया, जबकि अन्य शिकायत जो विभिन्न मामलों के थे की अग्रेत्तर करवाई की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मीडिया को बताया कि जिला पाकुड़ में महेशपुर, लिट्टीपाड़ा व पाकुड़ नगर





थाना में निदेर्शानुसार डीएसपी एवं एसडीपीओ अन्य पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित की जा रही है, पुलिस महानिरीक्षक भी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के माध्यम से पीड़ितों की शिकायतों के मुताबिक निष्पादन हेतु यह कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। ताकि ससमय- अवधि में ही पीड़ितों के शिकायतों के मुताबिक (त्वरित कारवाई करते हुए) उनकी समस्याओं का निष्पादन की जा सके। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इसके पहले जितने भी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित की गयी है, उसमें मिले सभी शिकतों का विधिवत निष्पादन कर दिया गया है और आज भी जन शिकायत कार्यक्रम में जितने भी शिकायत लोगों / पीड़ितों के मिलेंगे/ पेश की जायेगी, उसका भी निश्चित रूप से त्वरित कारवाई करते हुए निष्पादन किया जायेगा। वही नागरिकों का त्वरित एवं प्रभाव निवारण हेतु झारखण्ड पुलिस की अनूठी पहल जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आईजी समेत डीसी- एसपी ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। साथ ही पीड़ितों की शिकायतों से रुबरु होकर कई शिकायत आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया। समाचार लिखे जाने तक (1) नगर थाना परिसर में करीब 12 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 01 का निष्पादन किया गया। वही (2) लिट्टीपाड़ा थाना परिसर में करीब 08 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 01 का निष्पादन किया गया। साथ ही (3) महेशपुर थाना परिसर में कुल 12 आवेदन प्राप्त हुआ।

# कांग्रेस के पाकुड़ इकाई ने किया केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



एनपीटी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मोदी सरकार के हालिया कदम की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए दिख रही है। कांग्रेस के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष कमलेश केशव महतो के निदेर्शानुसार बुधवार को पाकुड़ कांग्रेस इकाई ने मार्च निकालकर केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान नारेबाजी भी की। कांग्रेस के मानसारुल हक ने कहा कि नेशनल हेराल्ड की सम्पत्ति को मनमाने और अन्यायपूर्ण तरीके से जब्त करना और पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना, यह कानूनी प्रक्रिया का मामला नहीं है, यह कानून के शासन का मुखौटा पहने हुए एक राज्य प्रायोजित अपराध है। कहा आज पाकुड़ जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करना राज्य की शक्ति का एक भयावह दुरुपयोग दशार्ता है। यह लोकतांत्रिक विपक्ष के विचार पर सीधा हमला है, सत्तारूढ़ शासन द्वारा राजनीतिक धमकी का एक भद्दा प्रयास है जो पूरी तरह से पागल हो चुका है। यह बदले की राजनीति के अलावे और कुछ नहीं है। कहा कांग्रेस पार्टी और उसका नेतृत्व कभी चुप नहीं रहेगा। हमने पहले भी भारत की आत्मा के लिए लड़ाई लड़ी है और हम फिर से ऐसा करेंगे। सत्य, न्याय और संवैधानिक लोकतंत्र के मूल्य हमारे लिए अविभाज्य हैं। सत्यमेव जयते सिर्फ एक नारा नहीं है यह एक दृढ़ विश्वास है। मौके पर प्रदेश सचिव सेमिनुल इस्लाम, प्रखंड अध्यक्ष मानसारूल हक, प्रखंड उपाध्यक्ष अब्दुल बासिर शेख,जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, जिला महासचिव कृष्णा यादव, मोनिता कुमारी, नगर अध्यक्ष बंसराज गोप, युवा जिला अध्यक्ष बिलाल शेख, रामविलास महतो,फरमान अली, मीरजहां विश्वास, गुलाम रसूल, अशरफुल हॉक, शहनाज बेगम, डॉ ऐनुल हक, मोतिउर रहमान, मोहम्मद सिराजुद्दीन शेख ,मिथुन मरांडी, शाकिर शेख, सुलेमान सिद्दीकी सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे

# करंट की चपेट में आने से दो मवेशी की मौत, किसानों को हुआ नुकसान



**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार ( झा०खं०), लातेहार जिला के बारियातू थाना क्षेत्र अन्तर्गत सीसीएल प्रभावित क्षेत्र अमरवाड़ीह उर्फ फुलवसीया रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार को करंट की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। इस हादसे में एक गाय और एक बकरी की जान चली गई, जिससे किसानों को करीब पचास हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान विजय यादव ने बताया कि उनकी एक दुधारू गाय थी। जिसके सहारे पूरा परिवार गुजर-बसर करता था। बुधवार सुबह गाय को चरने के लिए छोड़ा गया था, जो चरते-चरते फुलवसीया रेल७वे स्टेशन के पीछे पहुंच गई। वहां अचानक गाय कांपने लगी और जमीन पर गिर पड़ी। करंट लगने के कारण वह कुछ ही देर में दम तोड़ दी। विजय यादव ने बताया कि करंट के डर से वह गाय को बचाने भी नहीं जा सके। वही, गांव के ही प्रमोद यादव, पिता- जितन यादव, की एक बकरी भी करंट की चपेट में आकर मर गई। इस हादसे से दोनों किसानों को तकरीबन 50 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। दोनों पीड़ितों ने लातेहार उपायुक्त और संबंधित विभाग से मुआवजे की मांग की है। गौरतलब है कि बीते वर्ष भी इसी क्षेत्र में किसान राजेंद्र यादव की दो भैंसें और एक काडा करंट की चपेट में आकर मर चुकी हैं, लेकिन अब तक पीड़ित परिवार को मुआवजा नहीं मिल पाया है। घटना की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी नंद कुमार राम फुलवसीया रेलवे स्टेशन पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाने और क्षेत्र में बिजली सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है।

# विजय हसदा ने सीएम हेमन्त सोरेन को दी बधाई, निशात अलम ने की शिष्टाचार मुलाकात



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), राजधानी रांची स्थित खेल गांव के हरिवंश टाना भगत इंदौर स्टेडियम में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की दो दिवसीय 13वें महाधिवेशन में सीएम हेमन्त सोरेन को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की केन्द्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर राजमहल संसदीय क्षेत्र के सांसद विजय हसदा ने उन्हें अपनी हाथों से मिठाई खिलाकर बधाई देने के साथ शुभकामनाएं दी। वही पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक निशात आलम ने सीएम हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विधायक निशात आलम ने पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जन मुद्दों को सीएम हेमन्त सोरेन को साझा की।

# जामपुर में एक शव मिलने से इलाके में सनसनी, जांच मे जुटी पुलिस

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी का माहौल बना हुआ है। लोग दहशत में है कि आखिर क्या वजह रही होगी जो इस अवस्था में शव बरामद हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक मामला हिरणपुर थाना क्षेत्र का है, जहां जामपुर में गोपालपुर निवासी कार्तिक मंडल की शव मिलने से सनसनी फैल गयी। साथ ही नाराजगी भी जगजाहिर है। परिजनों ने सड़क जाम कर न्याय की मांग कर रहे थे। वही सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस आये और शब को कब्जे लेकर पोस्टमॉर्टम हेतु सदर अस्पताल सोनाजोड़ी ले जाया गया। साथ ही पुलिस घटना को ले तफ्तीश में जुट गई। वही थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि हिरणपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर



निवासी 48 वर्षीय कार्तिक मंडल का शव जामपुर में मिला है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल सोनाजोड़ी भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। कहा कि मृतक कार्तिक मंडल के परिजनों के लिखित शिकायत के आधार पर विभिन्न सुसंगत धाराओं के साथ मामला दर्ज कर ली गई है जो अनुसंधान में है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के द्वारा लिखित शिकायत आवेदन के मुताबिक मृतक कार्तिक कुमार मंडल का जहां शव मिला है। उसके आसपास की पड़ोसी के साथ किसी विषय को लेकर दो दिन पहले आपसी विवाद भी हुई थी और नोंक-झोंक के जस्ट दो दिन के पश्चात ही कार्तिक मंडल का शव बरामद हुआ। उन्होंने कहा कि परिजनों ने शिकायत आवेदन में घटना को लेकर हत्या का आशंका जताया है। वृतांत को ले पुलिस हर एंगल से घटना की अनुसंधान कर रही है । बहरेहाल जो भी हो, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के पश्चात ही मिले शव की हत्या या फिर अन्य की आंशका पर पदार्फाश होने की सम्भावना जताई जा रही है।

# सीएम हेमन्त सोरेन अपने नेतृत्व में झारखंड को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है- शाहिद इकबाल

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की महाधिवेशन में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षक और झारखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर शाहीद इकबाल ने हृदय से बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबा दीशोम गुरु शिबू सोरेन आपके संस्थापक संरक्षक के रूप में आपका मार्गदर्शन पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा देगा। यह सम्मान न केवल आपके के अपार योगदान का प्रतीक है, बल्कि झारखंड की जनता के प्रति आपके समर्पण का भी गौरव है। शाहिद इकबाल ने कहा कि



सीएम हेमन्त सोरेन आपने- अपने नेतृत्व में झारखण्ड को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। अबुआ आवास, मंईया सम्मान योजना, किसान कर्ज माफी एवं बिजली बिल माफी जैसे कदमों ने जनता के दिलों में जगह बनाई है। केन्द्रीय अध्यक्ष के रूप में आपका नेतृत्व पार्टी को और सशक्त करेगा। आपके विजन और कर्मठता से झारखंड मुक्ति मोर्चा न केवल झारखंड, बल्कि राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी पहचान को और मजबूत करेगी।

# नहाने के दौरान चार बच्चों की तालाब में डूबकर मौत

झारखण्ड- मंगलवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसे में चार बच्चों की मौत हो गई। चारों डोभा में नहाने के उतरे थे और इसी दौरान गहरे हिस्से में जाने से उनकी मौत हो गई। घटना गढ़वा थाना क्षेत्र के उडसुग्गी गांव में हुई। झारखंड के गढ़वा जिले में मंगलवार को नहाने के दौरान चार बच्चों की तालाब में डूबकर मौत हो गई। ये सभी बच्चे 8 से 16 साल की उम्र के थे। यह हादसा गढ़वा थाना क्षेत्र के उडसुग्गी गांव में हुआ। गढ़वा के सब-डिविजनल अफसर (एसडीओ) संजय कुमार पांडेय ने बताया कि बच्चे तालाब में नहाने गए थे, तभी गहरे पानी में फंसने से डूब गए। मरने वाले बच्चों की पहचान लकी कुमार (8), अक्षय कुमार (12), हरिओम चंद्रवंशी (13) और नारायण चंद्रवंशी (16) के रूप में हुई है।

# झामुमो के केन्द्रीय समिति सदस्य चुने जाने पर युवा नेत्री उपासना मरांडी समेत विधायक का किया जोरदार स्वागत



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की महाधिवेशन में झामुमो की केन्द्रीय समिति का पुनर्गठन हुआ। जिसमें पाकुड़ जिला से झामुमो के कद्दावर नेता सह- विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी, युवा नेत्री उपासना मरांडी व झामुमो के पाकुड़ उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे को भी केंद्रीय समिति का सदस्य चुना गया। इस खुशी में झामुमो के कार्यकताओं ने विधायक प्रो. र स्टीफन मरांडी, युवा नेत्री उपासना मरांडी (उर्फ पिंकी) व हरिवंश चौबे को पुष्प गुच्छ भेंट कर (उनकी) जोरदार तरीके से स्वागत किया। साथ ही शुभकामनाएं भी दी।

# उमस भरी गर्मी से राहत, झमाझम बारिश

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ समेत आसपास के इलाकों में मार्च- अप्रैल में ही जून जैसे चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच मौसम में करवटें बदलते ही जहां आसमान में बादल छाये रहने के राहत भरी सांसे लेने के ठंड हवाएं लोगों को मिली। वही तेज हवा एवं झमाझम बारिश के साथ ओले भी गिरे। वही बिजली की चमचमाती हुई गरज से लोगों के दिल थाम सी गयी। वही बेमौसम बारिश ने पके हुए रवि फसलों को नुक्सान भी दे गया। जिससे किसानों के चेहरे में रही मुस्कुराहट मायुसी में तब्दील हो गया। पाकुड़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आजीविका की साधन माने जाने वाले कृषि कार्य यानी खेती - बारी के ही निर्भरता में रहे किसानों के दिल थाम सी गयी। समाचार लिखे जाने तक तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हो रही थी।

# नगर भवन में हुआ आयोजित जन शिकायत कार्यक्रम

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गोड्डा : नगर भवन में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत डीआईजी धनंजय कुमार, डीसी जिशान कमर, एसपी अनिमेष नैथानी, एसडीओ बैद्यनाथ उरांव, डीवाईएसपी जेपीएन चौधरी, गोड्डा सीओ ऋषि राज एवं अन्य वरीय पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ। इस दौरान मौके पर गोड्डा अनुमंडल अंतर्गत पड़ने वाले सभी थानों के थाना प्रभारी एवं पुलिस कर्मियों के साथ जिला व्यवहार न्यायालय से डालसा के अधिकारीगण मौजूद थे। वहीं इस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए।

मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव, सार्जेंट मेजर, नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोट्टा के साथ प्रशासनिक विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# कांग्रेस के दो गुट में जमकर की मारपीट, पत्रकार पर भी किया हमला, मांगी माफी

**एनपीटी ब्यूरो**

धनबाद कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष रसीद रजा और पार्टी के एक अन्य गुट के बीच आपस मे जमकर मारपीट हुआ। रणधीर वर्मा चौक में घण्टो बवाल हंगामा कोंग्रेसियों ने किया। रणधीर वर्मा चौक को कॉग्रेस नेता कार्यकताओं ने रणक्षेत्र बना दिया। जिला कॉग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रसीद रजा के पुत्र और भाई दूसरे पक्ष कॉग्रेस कार्यकर्ता को लोहे के रॉड,पाइप से हमला कर दिया। कार्यकारी अध्यक्ष के बेटे और भाई से बचने के लिए दूसरे गुट के कॉग्रेस नेता गांधी सेवा सदन घुस गया।जहां लोहे के रॉड लेकर कार्यकारी अध्यक्ष के लोग घुस हमला करने लगा। कवरेज करने के दौरान पत्रकार पर लोहे के रॉड से हमला कर दिया। कैमरा को तोड़ दिया गया।



जिसमें एक मीडिया कर्मी घायल हो गया। कार्यकारी अध्यक्ष के लोग यही नहीं रुके, फिर से रणधीर वर्मा चौक में दूसरे गुट से मारपीट हमला करते रहे। हेलमेट से एक दूसरे ओर हमला किये। कोंग्रेस नेताओ के इस रूप को देख लोग भयभीत नजर आये। कांग्रेस नेताओ के आपस मे मारपीट पत्रकारों पर हमला को देख रणधीर वर्मा चौक में तैनात दो ट्रैफिक पुलिस मामले को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन लोहे के रॉड लेकर कार्यकारी अध्यक्ष के लोग उपद्रव, हंगामा बवाल करते रहे। वही घटना से पत्रकार संघ में भारी आक्रोश है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को किसी तरह शांत कराया। वही पुलिस ने उपद्रव करने वाले पर कार्रवाई का आश्वासन पत्रकार संघ को दिया। वही कॉग्रेस नेता नवनीत नीरज कुमार ने कॉग्रेस नेताओ के दो गुट में मारपीट, हंगामा को लेकर खेद प्रकट किया। पत्रकार पर हमला करने को लेकर दुख जताते हुए माफी मांगी। वही प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि दो गुट मारपीट रणधीर वर्मा चौक में कर रहे थे।समझाने का प्रयास किये, लेकिन दो गुट उग्र थे। पुलिस ने कहा मामले में तत्काल कार्रवाई होगी। जो लोग भी हंगामा, मारपीट किये है, सभी पर कार्रवाई होगी।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने की डॉ. 'गंभीर' की साहित्यिक रचनाओं की सराहना

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मेरठ। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रसिद्ध कवि और लेखक डॉ ईश्वर चंद गंभीर की साहित्यिक रचनाओं की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए उन्हें समाज में जनजागृति का सशक्त माध्यम बताया। श्री गडकरी ने कहा कि डॉ. गंभीर जैसे लेखकों की कविताएं और साहित्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने चाहिए, ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। यह विचार उन्होंने नई दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास पर डॉ. गंभीर से मुलाकात के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ गंभीर ने केंद्रीय मंत्री को अपनी प्रमुख



पुस्तकों का एक संग्रह भेंट किया। डॉ. ईश्वर चंद गंभीर की अब तक 35 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ, जनसंख्या नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय धरोहर जैसे सामाजिक सरोकारों पर आधारित रचनाएं प्रमुख हैं। उनकी लेखनी हमेशा समाज को दिशा देने वाले विषयों पर केंद्रित रही है। इस अवसर पर अखिल भारतीय हिंदी सेवा समिति के प्रदेश कोषाध्यक्ष राजीव शर्मा ने संस्था की ओर से केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी को अंगवस्त्र और पटका पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मेरठ के पूर्व सांसद और भाजपा के संगठनात्मक चुनावों हेतु उत्तर प्रदेश अपीलीय समिति के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि डॉ. 'गंभीर' की लेखनी न केवल साहित्यिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि सामाजिक चेतना के संवाहक के रूप में भी जानी जाती है। केंद्रीय मंत्री जैसे वरिष्ठ नेता द्वारा उनके कार्य की सराहना मिलना, उनकी साहित्यिक यात्रा की महत्ता को रेखांकित करता है।

## सुन्दर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में टी०सी०एस० द्वारा हुआ पूल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



एनपीटी ब्यूरो

सुन्दर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में 16 अप्रैल 2025 को टी०सी०एस० कम्पनी द्वारा पूल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

इस ड्राइव में देश के 100 से अधिक यूनिवर्सिटी और संस्थानों से आए बी.सी.ए एवम् बी. एस. सी. (कंम्पयूटर साइंस, आई०टी०) के 300 से अधिक फाइनल ईयर के छात्रों ने भाग लिया।

ड्राइव का आरम्भ टी०सी०एस० के अधिकारियों का स्वागत करके किया गया।

टी०सी०एस० के अधिकारियों द्वारा चयन प्रक्रिया के माध्यम से इंटरव्यू सम्पन्न किया गया।

इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो० वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०), रजिस्ट्रार डॉ० राजीव रतन, अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), प्रो. (डॉ०) हरीश तलूजा, निदेशक इंजीनियरिंग, श्रीमति वन्दना भारद्वाज, एच०ओ०डी० (कम्प्यूटर साइंस) श्रीमति योगिता कौशिक एच०ओ०डी० (बी०सी०ए०) तथा सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## सिद्धार्थ विहार की टी होम्स सोसायटी तीन दिनों से बिजली कटौती से परेशान लोगों ने निकाला कैंडल मार्च



एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। सिद्धार्थ विहार स्थित टी होम्स सोसायटी में पिछले तीन दिनों से बिजली कटौती और घंटों तक डीजी (डीजल जेनरेटर) चलने से वहां के निवासी परेशान हैं। परेशान स्थानीय निवासियों ने विरोध स्वरूप रात्रि में कैंडल मार्च निकाल कर अपना विरोध दशार्या है। इस मार्च में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि 24 घंटे से सप्लाई नहीं हो रही है। बार-बार ट्रिपिंग हो रही है। रेजिडेंट्स का आरोप है कि बिल्डर ने कम लोड का कनेक्शन लिया है। जबकि दूसरी ओर बिल्डर बिजली कटौती के लिए यूपीपीसीएल को जिम्मेदार ठहरा रहा है। लोगों का कहना है कि डीजी सेट चलाकर उनसे अधिक वसूली की जा रही है। टी होम्स के रेजिडेंटस का कहना है कि सर्दी के दिनों में भी बिजली की किल्लत रही थी। उस दौरान डिमांड कम थी, इसलिए ज्यादा परेशानी नहीं हुई। अब भीषण गर्मी पड़ रही है। पिछले कुछ दिनों से 6 से 8 घंटे से अधिक समय तक डी जी से काम चल रहा है।

डीजी से रेजिडेंट्स का कहना है कि सर्दी के दिनों में भी बिजली की किल्लत रही थी। उस दौरान डिमांड कम थी, इसलिए ज्यादा परेशानी नहीं हुई। लेकिन अब इस भीषण गर्मी पड़ रही है। पिछले कुछ दिनों से 6 से 8 घंटे से अधिक समय तक डीजी से काम चल रहा है। इसके बारे में पता किया तो जानकारी मिली कि विद्युत विभाग से ही समस्या आ रही है। निवासियों का कहना है कि बिजली विभाग को इतनी कटौती की जांच करनी चाहिए। जिससे असलियत का पता लग सके और यूपीपीसीएल की छवि खराव ना हो। उन्होंने कहा कि बिल्डर ने कितना लोड लिया है, इस वारे में स्पष्ट नहीं बताया जा रहा है।

## श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष को बताया अवैध

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी संजय नगर में रविवार को एक पक्ष ने स्थानीय पार्षद पप्पू नागर को अध्यक्ष बना दिया था। जिसका विरोध करते हुए। आज कमेटी के दूसरे पक्ष के सदस्यों ने रजिस्ट्रार कार्यालय पर अपना विरोध दर्ज कराते हुए इसे असंवैधानिक औ? अवैध बताया। डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय में कमेटी के सदस्यों ने एक शिकायत पत्र दाखिल करके बताया कि पप्पू नागर कभी भी कमेटी के सदस्य नहीं रहे और यह नियुक्ति बिलकुल फर्जी तौर पर की गई है। क्योंकि इस कमेटी के चुनाव का आदेश डिप्टी रजिस्ट्रार जारी कर चुके हैं और कमेटी के सतरह सदस्य अपना अध्यक्ष चुनेंगे।

## भगता परब भगता घुरा का तीसरे दिन आज अंतिम नेग



पथरगामा (गोड्डा ): भगता परब/चड़क परब/गांजन परब/बिशु परब अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं टोटेमिक कुड़मी विकास मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने कहा कि मेरे गुरुजी लेखक महादेव डुंगरियार के अनुसार भगता परब के तीसरे दिन, यानी संक्रांति के दिन, ₹भगता घुरा₹ होता है। और अगले दिन तेल-हरइद तथा पुरखों को कुंढ़ा देने की परंपरा के साथ भगता परब का समापन होता है, जिसे कुड़मालि में ₹कुंढ़ा-नाड़ा₹ कहा जाता है। इस दिन माँ या पत्नी उपवास रखती हैं और नहा-धोकर सात प्रकार के अनाज चावल, गेहूँ, चना, सेम, मकई, अरहर, मूंग को भूनकर ढेंकी में कूटती हैं। इससे बनने वाले कुंढ़ा में महुआ और आम भी मिलाया जाता है। घर के बुजुर्ग पुरुष डुभा (मिट्टी का पात्र) में यह कुंढ़ा लेकर नदी या तालाब जाते हैं और अपने पुरखों को जल में अर्पित करते हैं। यह घर के भुत-पिंढ़ा और घर भीतर में भी अर्पित किया जाता है। कुंढ़ा शब्द आज लुप्त होता जा रहा है। बहुत लोग इसे सत्तू कहने लगे हैं और 'सतुआ' शब्द प्रचलन में आ गया है। याद रखें, यह भगता परब हमारे पुरखों की याद और सम्मान का पर्व है, जब उनके घाट उठते हैं। यही कुड़मालि संस्कृति की परंपरा है। परंतु अब कुछ कुड़मी घराने पितृपक्ष के आर्य कर्मकांडों की ओर झुकने लगे हैं, जिससे हमारी मूल सांस्कृतिक पहचान खतरे में है। अब समय है लौटने का अपने नेगाचारि (परंपरा) की ओर, अपने असल जड़ों की ओर नयी पीढ़ी को जोड़िए, कुड़मालि संस्कृति को बचाइएं जोहार।

## नगर भवन में हुआ आयोजित जन शिकायत कार्यक्रम



एनपीटी ब्यूरो

गोड्डा : नगर भवन में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत डीआईजी धनंजय कुमार, डीसी जिशान कमर, एसपी अनिमेष नैथानी, एसडीओ बैद्यनाथ उरांव, डीवाईएसपी जेपीएन चौधरी, गोड्डा सीओ ऋषि राज एवं अन्य वरीय पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ। इस दौरान मौके पर गोड्डा अनुमंडल अंतर्गत पड़ने वाले सभी थानों के थाना प्रभारी एवं पुलिस कर्मियों के साथ जिला व्यवहार न्यायालय से डालसा के अधिकारीगण मौजूद थे। वहीं इस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव, सार्जेंट मेजर, नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोट्टा के साथ प्रशासनिक विभाग के कर्मी उपस्थित थे

## अमरोहा में गंगा एक्सप्रेसवे को लेकर बड़ा अपडेट, चढ़ते-उतरते हुए देना होगा टोल टैक्स; कहां तक पहुंचा काम

अमरोहा-अमरोहा में गंगा एक्सप्रेसवे पर चढ़ने और उतरने वाले वाहनों से टोल टैक्स वसूला जाएगा। मंगरौला टी-प्वाइंट पर टोल बूथ बनाए जा रहे हैं। मेरठ से प्रयागराज तक बन रहे इस एक्सप्रेसवे से अमरोहा के लोगों को काफी सुविधा होगी खासकर मेरठ और प्रयागराज जाने वालों के लिए। हसनपुर में एसडीएम ने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया है।



गंगा एक्सप्रेसवे पर चढ़ते एवं उतरते समय वाहन चालकों को टोल टैक्स देना होगा। मंगरौला में टी प्वाइंट पर गंगा एक्सप्रेसवे के दोनों ओर टोल बूथ बनाए जा रहे हैं। मेरठ से प्रयागराज तक करीब 594 किमी लंबा गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य चल रहा है।

अमरोहा जनपद की हसनपुर तहसील क्षेत्र में भी करीब 23.60 किमी लंबा गंगा एक्सप्रेसवे बनकर तैयार हो चुका है। बमुश्किल दस प्रतिशत कार्य शेष बचा हुआ है। अमरोहा जनपद में गंगा एक्सप्रेसवे पर चढ़ने और उतरने के लिए एकमात्र स्थान मंगरौला में टी प्वाइंट पर रहेगा।

### चढ़ने-उतरने पर देना होगा टैल टोक्स

खास बात यह है कि वाहन चालकों को गंगा एक्सप्रेसवे पर चढ़ने और उतरने के दौरान यहां टोल टैक्स देना होगा। हसनपुर रहरा मार्ग पर मंगरौला में गंगा एक्सप्रेसवे के नजदीक टी प्वाइंट वाली सड़कों पर चार जगह टोल बूथ बनाए जा रहे हैं। टोल बूथ बनाने का काम यहां काफी तेजी से चल रहा है। चारों स्थानों पर निर्माण कार्य तीव्र गति के साथ कराया जा रहा है

उधर गंगा एक्सप्रेसवे पर सभी चिन्हित स्थानों पर अंडर पास बनाकर चालू कर दिए गए हैं। मंगरौला में ही टी प्वाइंट के पास रूखालू की दिशा में बस स्टैंड भी बनाया जा रहा है। जिससे कि यहां से मेरठ और प्रयागराज के लिए जाने वाले यात्रियों को बसों की सुविधा आसानी से मिल सके। मंगरौला में ओवर ब्रिज के निर्माण का कार्य भी अब अंतिम दौर में चल रहा है। गंगा एक्सप्रेसेवे के अधिकांश भाग पर डामर रोड बनकर तैयार हो चुका है। गंगा पर पुल के निर्माण का कार्य भी तेजी के साथ चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक अमरोहा जनपद में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण का कार्य दूसरे जनपदों से आगे चल रहा है।

### गंगा एक्सप्रेसवे तैयार होता देख लोगों में खुशी

मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण जैसे-जैसे पूरा होता जा रहा है। इस पर सफर करने के लिए लोगों के दिलों में खुशी उत्पन्न हो रही है। क्योकि, यहां से मेरठ का सफर काफी कम और आसान होने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। यहां के छात्र जहां मेरठ में बड़ी संख्या में यूनिर्वसिटी में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं।

वहीं, इलाज कराने के लिए हसनपुर क्षेत्र के रोगी मेरठ पहुंचते हैं। हादसे में घायलों एवं गंभीर रोगियों को गजरौला तथा गढ़मुक्तेश्वर होकर मेरठ जाने में अधिक समय लगने से रास्ते में मृत्यु तक हो जाती थी। वहीं, प्रयागराज हाईकोर्ट में मुकदमों की पैरवी के लिए वादकारियों और अधिवक्ताओं को आने-जाने में काफी सुविधा हो जाएगी।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

## अमरोहा एसपी ने किया शहर का दौरा



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

अमरोहा- बाजारों में पैदल गश्त कर व्यापारियों को दिया सुरक्षा का भरोसा, थानों को किया अलर्ट अमरोहा के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बुधवार शाम को शहर का दौरा किया। उन्होंने नगर कोतवाली क्षेत्र में कानून व्यवस्था का जायजा लिया।

एसपी ने मोहल्ला कोट, मछरट्टा, बेगमसराय और सरार्फा मार्केट में पैदल गश्त की। व्यापारियों और दुकानदारों से मुलाकात कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया

ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने जिले के सभी थानों को एलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी थाने अपने-अपने क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार गश्त करें। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

## बसंतराय के बिसुवा मेला में चित्रहार का चलना ही आस्थाओं पर कुठाराघात, अश्लील गाने पर अश्लील प्रदर्शन से क्षेत्र में उठ रहा कई सवाल, मामले में प्रशासन पूरी तरह से मौन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बसंतराय (गोड्डा) : बसंतराय के ऐतिहासिक तालाब के पास बिसुवा मेला का आयोजन हो रहा है। यह मेला पूरी तरह से पौराणिक पद्धति पर श्रद्धालुओं के श्रद्धा का केंद्र रहा है। इस वर्ष भी विशवा मेला में सफाहोड़ समुदाय के हजारों लोगों द्वारा आस्था के साथ ऐतिहासिक तालाब में डुबकी लगाकर पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना का दौर चल रहा है। लेकिन ठीक इसके विपरीत विशवा मेला चित्रहार का चलना ही आस्थाओं पर कुठाराघात कर गया है। साधारण मेले की तरह यहां पर चित्रहार लगाकर अश्लील गानों में अश्लील प्रदर्शन हो रहा है। जब इस मामले को सोशल मीडिया



के मोबाइल कैमरा में कैद किया जाने के बाद पूरी तरह से वायरल हो गया। तब इस चित्रहार में अश्लील परोसे जाने पर केवल क्षेत्र ही नहीं बल्कि जिला मुख्यालय के लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इतना ही नहीं लड़कियों के अश्लील नृत्य जो देखने लायक नहीं है वह भी वायरल होने से क्षेत्र के लोगों में हताशा माहौल व्याप्त हो गया है। इतने मामले को हाइलाइट होने के बावजूद भी प्रशासन मौनव्रत है। उल्लेखनीय है कि बीते 14 अप्रैल को विशुआ मेला का शुभारंभ हुआ था। काफी बड़े-बड़े लोग इस मेला का शुभारंभ करने के लिए पहुंचे थे। मगर इस तरह के चित्रहार के अश्लीलता परोसे जाने के बाद कई सवालों का उठना भी लाजमी है। बताते चलें कि इस मेले में भारी संख्या में महिलाएं पहुंचती है।

श्रद्धा और आस्था का समंदर लिए अपने-अपने स्तर से आस्था की डुबकी लगाती है। चित्रहार के मामले को लेकर उन महिलाओं की ओर से भी कड़ा विरोध जताया गया है। क्षेत्र के बुद्धिजीवी कहते हैं कि जिस विशवा मेला को राजकीय दर्ज दिलाए जाने की कवायद हो रही है, उस मेले में चित्रहार और उसमें अश्लीलता परोसा जाना कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। ऐसे मामलों में प्रशासन को बेहतर कदम उठाते हुए उचित कार्रवाई करने के दिशा में कार्य करना चाहिए।

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।